दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 153 जयपुर, सोमवार, 13 मई, 2024 | वैशाख, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

केमिस्ट की सूचना पर मारी गई रेड... फैक्ट्री की सीज

# ड्रग्स फैक्ट्री पर मुंबई पुलिस ने मारा छापा, 104 करोड़ की ड्रग जब्त

**बेधड़क** | जोधपुर

मुंबई पुलिस की ओर से जोधपुर में सर्विस सेंटर की आड़ में चल रही ड्रग्स फैक्ट्री पर रेड मारकर करीब 104 करोड़ की ड्रग बरामद करने का मामला सामने आया है। जोधपुर के मोगड़ा स्थित इस फैक्ट्री से लगभग 68 किलो एमडी ड्रग का उत्पादन किया जा रहा था। फैक्ट्री को सीज कर दिया गया है।

मुंबई पुलिस के जॉइंट कमिश्नर सत्यनारायण चौधरी की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। गौरतलब है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया (एनसीबी) और गुजरात एटीएस की टीम ने 27 अप्रैल को राजस्थान-गुजरात में करीब 230 करोड़ की ड्रग पकड़ी थी। टीम ने कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया, इनमें 6 राजस्थान के थे। पुलिस को जोधपुर के इनपुट भी मिले थे। एनसीबी व गुजरात एटीएस ने राजस्थान-गुजरात में 230 करोड़ की ड्रग पकड़ी। टीम ने कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया।



### डेढ़ किलो एमडी और 67 किलो रसायन मिला

मुंबई पुलिस ने पिछले दिनों ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री पर कार्रवाई करते हुए एक केमिस्ट को गिरफ्तार किया था। केमिस्ट से पूछताछ में मुंबई पुलिस को पता चला कि उसने ड्रग्स बनाने के लिए कहां-कहां मशीन लगाई है। इसी कड़ी में उसने जोधपुर के मगरा में मशीन लगाने की सूचना पुलिस को दी, जिस पर मुंबई पुलिस की टीम शनिवार को जोधपुर पहुंची थी। वहीं, रविवार को टीम मोगरा स्थित भारमल जाट की फैक्ट्री पहुंची, जहां पुलिस को मौके से डेढ़ किलो एमडी और 67 किलो रसायन उत्पाद मिला।

### एनसीबी ने पकड़ी ओसियां में फैक्ट्री

गत माह नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने सिरोही और जोधपुर में कार्रवाई करते हुए ड्रग्स बनाने की फैक्ट्रियों का खुलासा किया था। जोधपुर के ओसियां में एक मेडिकल स्टोर संचालक के घर में ड्रग्स बनाने की मशीन लगी हुई थी, जहां से ड्रग्स भी बरामद की गई थी। जोधपुर क्षेत्र में पहली बार ड्रग्स बनाने का खुलासा हुआ था। कार्रवाई की फैक्ट्री की भनक स्थानीय पुलिस को नहीं लगी।


### जोधपुर से मुंबई में ड्रग्स सप्लाई होने का इनपुट था

जानकारी के अनुसार, मुंबई में सप्लाई हो रही ड्रग्स का कनेक्शन जोधपुर से होने का इनपुट था। मोगड़ा से गुडा रोड जाने वाले रास्ते में एक फैक्ट्री का अपडेट मिला था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने जोधपुर पहुंच कर ड्रग फैक्ट्री पर रेड मारी। बताया जा रहा है कि इसके साथ ही यहां 4 अन्य फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल लोकल पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार, इस फैक्ट्री का संचालन मोगड़ा निवासी भारमल जाट (40) कर रहा था। अब तक 104 करोड़, 25 लाख 70 हजार का माल जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, भारमल को मुंबई पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी पिछले 6 महीने से सर्विस सेंटर के नाम पर ड्रग फैक्ट्री संचालित कर रहा था।



## जरूरी खबर

### सरयू नदी में नहाने गए चार बच्चे डूबे, पांच बचाए



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के बस्ती में दुबौलिया थाना क्षेत्र के गांव मौजपुर के पास सरयू नदी में नहाने गए 9 बच्चे डूब गए। उनमें से 5 को ग्रामीणों ने डूबने से बचा लिया। वहीं, 4 बच्चों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। डूबने वालों में 3 किशोरी और एक किशोर शामिल हैं। डूबी हुई 2 किशोरियों का शव भी बरामद कर लिया गया है। जबकि 2 अन्य बच्चों की तलाश जारी है। जिन लोगों के शव नदी में खोजे जा रहे हैं उनमें से एक लड़का है और दूसरी लड़की। लापता लोगों के शवों की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया गया है।

### आईपीएल: CSK ने RR को पांच विकेट से हराया

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपने होम ग्राउंड चेपॉक पर राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। राजस्थान की यह लगातार तीसरी हार है। इससे पहले उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने एक रन से, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने 20 रन से हराया था। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रियान पराग के 35 गेंदों पर नाबाद 47 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली।

दिल्ली और जयपुर को दहलाने के मिले मेल!

# जयपुर सहित 12 एयरपोर्ट बम से उड़ाने की धमकी

■ सांगानेर एयरपोर्ट को उड़ाने की कई बार मिल चुकी है धमकी

■ मेल मिलने के बाद तमाम सुरक्षा एजेंसियां आई हरकत में

■ जहां धमाकों की बात मेल में कही, वहां चलाया सघन सर्च अभियान




**फिलहाल कहीं नहीं पाई गई कोई संदिग्ध वस्तु या सामान**

**बेधड़क** | जयपुर/नई दिल्ली

प्रदेश की राजधानी जयपुर और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को फिर बम धमाकों से दहलाने वाला ईमेल आया है। इस बार जयपुर समेत देश के एक दर्जन एयरपोर्ट और दिल्ली दो बड़े सरकारी अस्पताल को उड़ाने की धमकी मिली। इन धमकियों के बाद से सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं, साथ ही पुलिस भी हरकत में आ गई है। हर टारगेटेड स्थान पर सर्च अभियान तेज कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में बुराड़ी के एक सरकारी अस्पताल और मंगोलपुरी के संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल को धमकी मिली है। जयपुर एयरपोर्ट को उड़ाने की 'बिल्डिंग में बम लगा दिया है, निर्दोषों की जान बचा लो', धमकी मिली। जयपुर एयरपोर्ट पर धमकी भरे इस ईमेल के बाद अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद एयरपोर्ट सुरक्षा जवानों ने पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने एयरपोर्ट पर सर्च अभियान तेजी से चलाया।

### तलाशी में नहीं मिली संदिग्ध वस्तु

एसएचओ(एयरपोर्ट) मोतीलाल ने बताया- रविवार को दोपहर करीब 3:15 बजे CISF की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर किसी व्यक्ति ने धमकी भरा मेल भेजा। एयरपोर्ट पर बम की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। पुलिस ने एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षा जवानों के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने भी पूरे एयरपोर्ट परिसर और उसके आस-पास की जांच की। सर्च ऑपरेशन में अभी तक एयरपोर्ट परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

### इन एयरपोर्ट को बताया गया टारगेट

CISF की ऑफिशियल ई-मेल पर मेल कर जयपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट सहित देश के 12 एयरपोर्ट पर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरे मेल में लिखा- जयपुर, दिल्ली, अहमदाबाद, गवाहाटी, जम्मू, लखनऊ, पटना, अगरतला, औंरगाबाद, बागढूगरा, भोपाल और कालीकट एयरपोर्ट की बिल्डिंग में एक्सप्लोजिव डिवाइस लगा दी है। कुछ घंटों में ब्लास्ट होगा। इस मेल को आप धमकी मत मानिएगा। बम को निष्क्रिय कर दीजिए, नहीं तो कई निर्दोष लोगों की जान जाएगी।

### जयपुर को 6 महीने में 5 बार धमकी

जयपुर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी रविवार को 6 महीने में 5वीं बार मिली है। पिछले 6 महीने में यह 5वीं बार है, जब जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इसी साल 29 अप्रैल, 26 अप्रैल, 16 फरवरी और 27 दिसंबर 2023 को एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। 29 अप्रैल को एयरपोर्ट की ऑफिशियल आईडी पर टेरेराइजर्स-111 ग्रुप की ई-मेल में आया था, जिसमें जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ ही देश के 6 से ज्यादा एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

### अहमदाबाद के स्कूलों धमकी

ऐसी ही एक घटना गुजरात के अहमदाबाद में भी देखने को मिली थी, जहां 6 मई को 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला ईमेल मिला, लेकिन पुलिस ने सभी विद्यालयों की तलाशी के बाद इसे फर्जी करार दिया।

### दो अस्पतालों में धमाकों का मेल

दिल्ली पुलिस ने बताया कि बुराड़ी और सजंय गांधी अस्पताल में धमकी वाला ईमेल आया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। दिल्ली पुलिस ने फायर विभाग को भी इस मामले में सूचना जारी की गई है। खबर मिलते ही मौके पर अस्पतालों में पुलिस के अलावा दमकल विभाग, बम और डॉग स्क्वॉड की टीम पहुंच चुकी है। सभी जगहों की तलाशी जारी है।

किडनी ट्रांसप्लांट केस में गिरफ्तार फोर्टिस अस्पताल के दो डॉक्टर 15 तक रिमांड पर

# किराए के घरों में मरीज देखने जाते थे सर्जन

**बेधड़क** | जयपुर



संदीप गुप्ता



जितेन्द्र गोस्वामी

अंग प्रत्यारोपण मामले में पकड़े गए शहर के फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों डॉक्टर जितेन्द्र गोस्वामी और डॉक्टर संदीप गुप्ता को कोर्ट ने 15 मई तक पुलिस रिमांड पर रखने का आदेश दिया है। बता दें, जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने शनिवार देर रात तक इन दोनों डॉक्टर के मकान और फोर्टिस अस्पताल में उनके केबिन की जांच की थी। हालांकि पुलिस को इस दौरान कुछ नहीं मिला है।

पुलिस का दावा है कि उनके पास दोनों डॉक्टर के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। पुलिस ने मामले में 10 मई को फोर्टिस हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ भानू लववंशी उर्फ भानू प्रताप को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी भानू ने बताया कि कौन-कौन डॉक्टर इस अवैध कार्य में लगे हुए हैं। इस पर उनकी भूमिका में जांच में यह पुष्टि हुई कि इन डॉक्टरों ने कई ऑपरेशन किए थे। हालांकि यह ट्रांसप्लांट वैध है या अवैध इसकी जांच करने का काम उनका नहीं है। हॉस्पिटल प्रशासन इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। पुलिस टीम ने शनिवार सुबह इन डॉक्टरों को एसीपी गांधी नगर के ऑफिस में बुलाकर पूछताछ की थी। तब दोनों डॉक्टरों ने पुलिस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया तो उनको गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस के अनुसार दोनों डॉक्टर सर्जरी के बाद किराए के मकानों में रहने वाले मरीजों को देखने जाते थे।

### नर्सिंग स्टाफ भी था इन्वोल्व

इस मामले में एसएमएस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) गौरव सिंह, फोर्टिस अस्पताल के ऑर्गन को-ऑर्डिनेटर विनोद सिंह, अंग प्रत्यारोपण के मामले में एमओयू की गई कंपनी मैड सफर के डायरेक्टर सुमन जाना और दलाल सुखमय नंदी से भी पूछताछ की गई थी। इसमें पता चला कि आरोपी फोर्टिस हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ भानू लववंशी उर्फ भानू प्रताप रोजाना दलालों के संपर्क में रहकर उन्हें अवैध ट्रांसप्लांट के लिए मदद करता था। हॉस्पिटल में सर्जरी के बाद दलाल मरीजों को किराए के मकानों में रखते थे। जहां पर मरीजों की देखरेख के लिए भानू ही जाता था।

## भारतीय स्पेस सेक्टर बन जाएगा 83000 करोड़ की इंडस्ट्री: इसरो

**कोच्चि।** इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि 10 साल में भारतीय स्पेस सेक्टर 9-10 बिलियन डॉलर (83 हजार करोड़) की इंडस्ट्री बन जाएगा। अभी हम 2 बिलियन डॉलर की इंडस्ट्री हैं।



उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर की 400 कंपनियां अपने कई मिशनों में ISRO की टेक्नोलॉजी का फायदा ले रही हैं। सोमनाथ ने ये बातें कोच्चि में SFO टेक्नोलॉजी के कार्बन रिडक्शन इनीशिएटिव (कार्बन को कम किया जाना) कार्यक्रम के दौरान कही। सोमनाथ ने NeST हाईटेक पार्क में चंद्रयान की प्रतिकृति का उद्घाटन भी किया। दरअसल, SFO टेक्नोलॉजी, NeST ग्रुप की कंपनी है। SFO टेक्नोलॉजी कई साल से ISRO से जुड़ी हुई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

पूर्व सीएम पर ओएसडी बाण

# बीजेपी के झूठ से हार गए, फिर काहे के जादूगर: लोकेश शर्मा

- पूर्व CM गहलोत पर उनके पूर्व ओएसडी ने फिर उगली आग
- शर्मा बोले, 'अगर मनमानी नहीं की होती, तो आज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती
- हमेशा सीएम रहते हुए हार का ठीकरा प्रोपेगेंडा के नाम

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ उनके ओएसडी रह चुके लोकेश शर्मा ने फिर आग उगली है। उनके एक बयान ने एक बार फिर सियासी गर्मी बढ़ा दी है। उन्होंने फिर से गहलोत को जमकर आड़े हाथ लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके इंटरव्यू का वीडियो शेयर करते हुए गहलोत पर कई गंभीर हमले किए। उन्होंने कहा कि गहलोत को विधानसभा चुनाव के हार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस दौरान शर्मा ने गहलोत के लिए लिखा कि 'अगर अपनी हठधर्मिता के चलते मनमानी नहीं की होती, तो आज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती। बता दें कि कुछ अरसे से लोकेश शर्मा गहलोत पर लगातार फोन टैपिंग समेत कई गंभीर आरोप लगा रहे हैं।



### 'बेशर्मी की हद है' जैसे शब्दों का किया इस्तेमाल

लोकेश शर्मा ने 12 मई को दोपहर 2:37 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गहलोत के एक यूट्यूब चैनल को दिए गए इंटरव्यू का 24 सेकंड का वीडियो शेयर किया है। इसमें गहलोत से सवाल पूछा कि आप कहते हैं कि आपकी सरकार ने बहुत काम किया, तो फिर आप क्यों हारे। तो गहलोत ने बीजेपी के झूठे प्रोपेगेंडा और इलेक्टोरल बॉन्ड को जिम्मेदार बताया। गहलोत के इस बयान के बाद लोकेश शर्मा ने सोशल मीडिया पर हमला करते लिखा कि 'बेशर्मी की हद है...!! विधानसभा चुनाव में हार पर खुद को क्लीन चिट देते हुए अशोक गहलोत जी ने BJP के झूठे प्रोपेगेंडा और इलेक्टोरल बॉन्ड को जिम्मेदार बता दिया..!!'

**सरकारी खजाने को खाली कर चलाई भारी भरकम योजनाएं**

लोकेश शर्मा ने आगे लिखा कि "फिर कहां गया रोज गिनाए जाने वाला अनुभव... सरकारी खजाने को खाली कर चलाई गई भारी भरकम योजनाएं, सारी जादूगरी, रणनीति, कथित कुशल प्रबंधन, 25 सितंबर को आलाकमान की अवमानना के बाद पूरी मनमानी के साथ एकतरफ़ा निर्णय लेते हुए सरकार रिपीट करने का दावा और पूरी तरह डिजाइन्ड खुद के चेहरे पर एकतरफ़ा कैम्पेन.. ??? खुद के चेहरे पर चुनाव लड़ा।

### 40 साल क्या खाक की प्रदेश की राजनीति

शर्मा यहां भी नहीं रुके। उन्होंने आगे लिखा कि 'मतलब पूरे सरकारी संसाधनों के जमकर दुरुपयोग के बाद भी झूठे प्रोपेगेंडा को झूठा साबित नहीं कर पाए?? फिर 40 साल से क्या खाक राजनीति की प्रदेश में...?? अपने आप को राजस्थान का गांधी, जननायक और जादूगर तक कहलवा लिया... फिर भी वही ढाक के तीन पात!!

## जरूरी खबर

### बाड़मेर ऋषिकेश रेल बठिण्डा तक ही जाएगी



**बेधड़क.जयपुर।** उत्तर रेलवे के अम्बाला मण्डल के शंभू स्टेशन पर किसान आंदोलन के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उप रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस आंदोलन के कारण उप रेलवे पर संचालित बाड़मेर ऋषिकेश एक्सप्रेस बठिण्डा रेलसेवा आंशिक रद्द रहेगी। यह ट्रेन सोमवार को गाड़ी संख्या 14888 बाड़मेर ऋषिकेश एक्सप्रेस बठिण्डा स्टेशन तक संचालित होगी यानि यह रेलसेवा बठिण्डा से ऋषिकेश के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### बायोमेडिकल पर नेशनल सिम्पोजियम आज

**बेधड़क.जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की ओर से सोमवार को ''बायोमेडिकल इक्विपमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम बूस्ट : एलिवेटिंग हॉस्पिटल सर्विसेज विद् सीमलेस रिपेयर एण्ड मेंटीनेंस एक्सीलेंस'' विषय पर नेशनल सिम्पोजियम का आयोजन किया जाएगा। सिम्पोजियम की मुख्य अतिथि आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि होंगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त मिशन निदेशक अरुण गर्ग, आरयूएचएस के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ विनोद जोशी, एम्स जोधपुर के प्रोफ़ेसर पंकज भारद्वाज, आरएमएससीएल की कार्यकारी निदेशक डॉ कल्पना व्यास भी शामिल होंगे।

### दो बदमाश गिरफ्तार, चार वाहन बरामद



**बेधड़क.जयपुर।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने 2 ऐसे शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है जो नशे का शौक पूरा करने के लिए वारदात करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की 4 स्कूटी और बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि बदमाश अलग-अलग इलाकों में कई चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। आरोपी चेतन (20) उर्फ चन्दू पुत्र रमेश चन्द बैरवा निवासी सर्वे न. जी-140, 1 टीला न. 6 बी, जवाहर नगर और रमित धानका (24) पुत्र महावीर धानका निवासी टीला न. 6 ए. कच्ची बस्ती, जवाहर नगर से पूछताछ में चोरी की कई वारदातों का खुलासा होने के साथ ही चोरी के कई वाहन बरामद होने की संभावना है।

## डॉक्टरों की दो दिवसीय एल्यूमिनी मीट 'समानयन' आयोजित, देशभर से पहुंचे डॉक्टर्स

# चुनौती और आपदाओं से लड़ें, तभी सफलता मिलेगी: बिड़ला

**बेधड़क** | जयपुर

देश-विदेश में अलग-अलग फील्ड में सेवाएं दे रहे 400 से ज्यादा डॉक्टरों की दो दिवसीय एल्यूमिनी मीट 'समानयन' कोटा में आयोजित हुई। इसमें साल 1990 से लेकर 2014 तक के निजी कोचिंग के स्टूडेंट रह चुके डॉक्टर्स शामिल हुए।

इनमें केवल चिकित्सकीय पेशे में ही नहीं, किसी कंपनी में सीईओ, प्रशासनिक अधिकारी या अन्य सेवाओं में भी शामिल रहे छात्र भी शामिल हैं। समापन समारोह में स्पीकर बिरला ने कहा कि कोटा देश में एक ऐसा शहर है, जहां शिक्षा व प्रशिक्षण का एक अच्छा वातावरण है। यहां अलग-अलग राज्य का विद्यार्थी बेहतर शिक्षा और संस्कार लेता है। कोटा के लोग उन्हें परिवार की तरह रखते हैं। यहां के हॉस्टल देश में सबसे बेहतर हैं।

इसीलिए बच्चे यहां पर आते हैं। कुछ विद्यार्थी चुनौती और आपदा से नहीं लड़ पाते हैं, उनको मैं कहना चाहता हूं कि वे चुनौती और आपदाओं से लड़ाई लड़ें, तभी सफलता मिलेगी। इसके लिए आत्मविश्वास चाहिए। वे संघर्ष करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। एल्यूमिनी मीट में जो लोग कोटा आए हैं, इन सब ने यहां पढ़ रहे बच्चों को प्रेरणा भी दी है।



### कोटा को ब्रांड बनाया, उन्हें कोटा दिखाना था

निजी कोचिंग के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने कहा कि साल 1988 से इंस्टीट्यूट शुरू किया था। आज एल्यूमिनी मीट के लिए इन्हें बुलाया है, यह वही बच्चे हैं, जिनकी वजह से संस्थान और कोटा का नाम हुआ है। इन्हीं ने कोटा को ब्रांड बनाया है। अब सब बड़े प्रसिद्ध डॉक्टर बन गए हैं। कोटा की फैकल्टी और कोचिंग ने उनके साथ मेहनत की। इसके बाद ही कोटा का शिक्षा के क्षेत्र में नाम हुआ है। अब ऐसा ही एक कार्यक्रम कोटा से पढ़कर इंजीनियर बने लोगों के लिए किया जाएगा। कोटा से पढ़े और एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर में सेवाएं दे रहे डॉ. मुकेश मील ने अपने विचार रखे।

### कोटा जैसा पढ़ाई का माहौल कहीं भी नहीं

एल्यूमिनी मीट के अलग-अलग फंक्शन में संबोधित करते हुए डॉक्टर ने कहा कि कोटा जैसा पढ़ाई का माहौल कहीं भी नहीं है। उनकी सफलता में कोटा का काफी योगदान है। यहां के कोचिंग और फैकल्टी के गाइडेंस ने ही उनको सफलता दिलाई और उनकी दिशा बदली है। फैकल्टीज ने छात्रों पर दिन-रात मेहनत की। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। आज भी वही डेडिकेशन कोटा के फैकल्टीज में देखने को मिलता है। कुछ डॉक्टर ने तो यह भी कह दिया कि वह अपने बच्चों को भी कोटा ही पढ़ने के लिए भेजेंगे। दिल्ली के आएं डॉ. देवेंद्र चौधरी ने कहा कि सबसे अच्छा अहसास कोटा में आकर यह हुआ कि यहां आज भी वही ऊर्जा और सकारात्मकता है। वही टीचर्स दिखे, जिन्होंने हमें पढ़ाया था। अपनी परम्पराएं बरकरार रखे हुए हैं। अपने बैचमेट्स के साथ मिलकर उन्होंने यादें ताजा की। उन क्लासों में भी पहुंचे, जहां पर बैठकर कभी उन्होंने पढ़ाई की थी। इसके अलावा जहां पर यह पीजी में रहते थे, उनसे मिलकर भी यादें ताजा की। इसके साथ ही पुराने दोस्तों के साथ ग्रुप में खूब मस्ती भी की।

### दो दिन देखा बदला हुआ कोटा

दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज 11 मई से हुआ। इसमें डॉक्टर्स परिवार सहित कोटा पहुंचे। सभी डॉक्टरों को कोटा सिटी पार्क और चंबल हेरिटेज रिवरफ्रंट भी दिखाया गया। सिटी पार्क के ओपन एम पी थिएटर पर संगीत व गजल संध्या हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, कृष्णा देवी माहेश्वरी, निजी कोचिंग के निदेशक गोविंद माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, बृजेश माहेश्वरी और नवीन माहेश्वरी मौजूद थे।

## मुम्बई में पत्रकार वार्ता में बोले मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा

# 2014 से पहले लिखी जाती थी भ्रष्टाचार की नई इबारत

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में हर रोज भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखी जाती थी। एक घोटाला सामने आता था और कुछ ही दिन में उससे बड़ा अगला घोटाला उजागर होता था।

2014 के बाद देश को घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति मिली। इसलिए देश की जनता को मोदी के विजन पर विश्वास है। मुख्यमंत्री रविवार को मुम्बई में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा स्वार्थ, परिवारवाद और अफवाहों की राजनीति करती है और अब तो वे नस्लभेद पर भी उतर आए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को कमजोर किया है। ये पार्टी गरीब की सिर्फ बात ही करती थी, गरीबों से उनका कोई वास्ता नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीब कल्याण की परिभाषा ही बदल दी।

### तीसरी बार मोदी ही बनेंगे देश के प्रधानमंत्री : सीएम





### मीडिया सच्चाई लाए सामने

शर्मा ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। उसका भी देश के प्रति कर्तव्य है। मीडिया को देश में हो रहे विकास की कहानी लोगों तक पहुंचानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठे और लुभावने घोषणा पत्रों की पड़ताल कर सच्चाई जनता तक पहुंचानी चाहिए।

### नई सरकार ने 45 फीसदी वादे पूरे कर दिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की वर्तमान सरकार ने कुछ माह के कार्यकाल में वो कार्य किए हैं जो कांग्रेस वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद नहीं कर पाई। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान के 21 जिलों के निवासियों की पेयजल तथा सिंचाई की समस्या का समाधान करने के लिए ईआरसीपी समझौता तथा शेखावटी के जिलों के लिए यमुना जल समझौता भी बेहद कम समय में किया गया। संकल्प पत्र के लगभग 45 प्रतिशत वादे राजस्थान की वर्तमान सरकार ने पूरे कर दिए हैं।

### आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं दिल्ली के सीएम केजरीवाल

शर्मा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राजनीति में आए थे और खुद ही आकंठ भ्रष्टाचार में डूब गए। जनता केजरीवाल की बातों को गंभीरता से नहीं लेती है क्योंकि वे तो खुद ही जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और ओडिशा सहित लगभग सभी राज्यों में भाजपा की सीटें बढ़ेंगी तथा राजस्थान में एक बार फिर 25 में से 25 सीटें पार्टी को प्राप्त होंगी।

## इंडी ठगबंधन को देश की जनता ने नकारा: सीएम

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेसी नेताओं का पाकिस्तान प्रेम दिख रहा है। चुनाव जीतने के लिए कांग्रेसी रंगभेद और नस्लवाद की राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस के शासन में गरीबों की योजनाओं पर कटमनी चलती थी। इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। कांग्रेसी लाडले राहुल गांधी भी अब यह नारा दे रहे हैं। कांग्रेस ने सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति की है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। इन चुनावों में देश की जनता ने इंडी ठगबंधन को नकार दिया है और साथ ही जमानत पर बाहर घूम रहे विपक्षी नेताओं पर अब आमजन विश्वास नहीं करता है। मुख्यमंत्री शर्मा ने मुंबई उत्तर से भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल के समर्थन में प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थानी स्नेह मिलन समारोह में संबोधित कर अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की।

### जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीबी को नजदीक से देखा और झेला है, इसलिए उन्होंने गरीबों का बैंक में खाता खुलवाकर योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया। देश की जनता को मोदी की हर गारंटी पर पूरा विश्वास है। उनके नेतृत्व में रोड़, रेलवे और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुए हैं। पीएम के विजन से चन्द्रयान मिशन सफल हो सका। मोदी जी के लिए राष्ट्र सेवा सर्वोच्च है। इसलिए वह हर दिवाली सीमा पर तैनात हमारे जांबाज सैनिकों के साथ मनाते हैं। शर्मा ने कहा कि यह चुनाव देश की दशा और दिशा बदलने वाला चुनाव है।

### पीएम मोदी ने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासन में देश ने आंतकी घटनाओं को झेला और मूबंई में 26/11 हमला हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 2014 में सरकार बनने के बाद आतंकी घटनाओं पर विराम लगा। पुलवामा हमला हुआ तो घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया। मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने जैसा महत्वपूर्ण कार्य हुआ। उनके अथक प्रयासों से ही 22 जनवरी को भगवान रामलला टैंट से निकलकर भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हुए। उनके विजन से काशी विश्वनाथ और महाकाल कॉरिडोर बनकर तैयार हुआ।

## खबरों में बेधड़क खबर




### टाइगर बना रहे अधीनस्थों को मुर्गा

मारवाड़ रेंज में तैनात एक टाइगर साहब इन दिनों अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में है। साहब अपनी दबंगई बदमाशों पर नहीं करके अपने अधीनस्थों पर कर रहे है। अधीनस्थों को साहब मुर्गा बनाकर सजा दे रहे है तो इस तपती दोपहरी में कई घंटों तक खड़ा कर देते है। साहब की मनमर्जी ऐसी है कि अगर उनके इशारे पर कोई काम नहीं करता है तो साहब उनसे गाली-गलौच तक करने लग जाते है। पिछले दिनों इस बात को लेकर साहब की एक पीटर से जमकर तू-तू, मैं-मैं तक हो गई। पीटर को साहब ने देखने तक की धमकी दे डाली। साहब के इस रवैये से पूरा जिले के खाकी वाले परेशान है। चर्चा है कि इस घटना की सूचना सी-स्कीम स्थित पॉवर सेंटर वाले भवन तक पहुंची तो वहां पर तैनात कुछ अफसरों ने छानबीन की तो साहब द्वारा प्रताड़ित करने के कारनामे सामने आ गए। अब चर्चा है कि साहब की चुनाव परिणाम के बाद छुट्टी होना तय है।

### खाकी में ब्लैक फिल्म वाली कार चर्चा में

राजधानी में तैनात एक खाकी वाले अल्फा शेरा इंडिया की ब्लैक फिल्म वाली कार इनदिनों काफी चर्चा में है। खाकी में ये सहजादे लंबे समय से खाकी में विशेष महारथी के रूप में काम कर रहे है। थाने में पोस्टिंग होने के बाद भी अल्फा शेरा इंडिया एमआई रोड़ वाले ऑफिस में ही नजर आते है। क्योंकि अल्फा शेरा इंडिया को शहर में होने वाले सभी दो नंबरी धंधों की पूरी जानकारी है और इसकी लंबी सूची तैयार कर रखी है। इस सूची व अफसरों की नजदीकी होने के कई मायने निकाले जा रहे है। चर्चा है कि खाकी में तैनात कई अफसर भी सहजादे की कार्यशैली को लेकर सवाल उठा चुके है। लेकिन बड़े साहबों से अच्छी पकड़ होने से उसके हर गुनाह माफ है। चर्चा है कि लालकोठी वाले भवन में बैठने वाले एक बड़े साहब ने अल्फा शेरा इंडिया की स्पेशल में रहने की ही सिफारिश भी की थी।

### बड़े साहब को बदनाम करने की साजिश तो नहीं!

एक चर्चित प्रकरण में बेटे की गिरफ्तारी और पिता पीटर को आरोपी नहीं बनाने को लेकर खाकी में चर्चा का विषय बना हुआ है। बड़े साहब ने रात-दिन कड़ी मेहनत करके प्रकरण का खुलासा करने में बड़ी भूमिका निभाई है। साहब का नाम दबंग और ईमानदार अफसरों की सूची में आता है। लेकिन चर्चा है कि इस प्रकरण में कुछ अधिनस्थों ने गुमराह करके बेटे की गिरफ्तारी के बाद पिता को आरोपी बनाया। इसको लेकर तरह-तरह के सवाल खाकी वाले आपस में ही कर रहे है। चर्चा है कि वाहवाही लूटने वाले दो अधिनस्थ बड़े साहब को बदनाम करने की साजिश तो नहीं कर रहे है। इस मामले को लेकर कई लोगों को आरोपी नहीं बनाने की चर्चा जोरों पर है और इसके कई मायने निकाले जा रहे है। हालांकि साहब अपने अधिनस्थों के चुंगल में नहीं फंसने वाले। क्योंकि साहब के हाथ से निकलने वाली फाइल में आरोपी बच नहीं सकेंगे।

### जमीनी विवाद वाली फाइलों में ब्रेवो की सेंधमारी

खाकी में तैनात एक विवादित ब्रेवो साहब की जमीनी विवाद से संबंधित फाइलों में अभी अभी सेंधमारी चल रही है। साहब अपने ऑफिस में कम और दूसरे वाले ऑफिसों में ज्यादा निगरानी रखते है। साहब की कई फाइलों में की गई मनमानी की भनक ऊपर तक है। साहब कुछ फाइलों को लेकर इतने एक्टिव है कि ऑफिस के रीडर से जांच-पड़ताल करते रहते है और रीडर पूरी पोल-पट्टी दे देता है। चर्चा है कि फाइलों में की गई साहब की लेखनी से विपरित लेखनी लिखना शुरू होती है तो साहब अफसरों के पास पहुंचकर गुमराह करने लगते है। साहब की इस कार्यशैली को लेकर कई गामा रैंक के अफसर अभी भी फाइलों को लेकर पशोपेश में चल रहे है। साहब की निजी लाइफ भी किसी से छुपी हुई नहीं है।

-ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

## चिकित्सा विभाग का नवाचार

# ओडीके एप से होगी मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण नवाचार किया है। इस नवाचार के तहत अब मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग विभाग द्वारा ओडीके एप से की जाएगी। इस नवाचार से प्रदेशभर में मौसमी बीमारियों की स्थिति की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी और बचाव एवं रोकथाम के लिए त्वरित रूप से कारगर कदम उठाए जा सकेंगे। ओडीके एप का मुख्य उद्देश्य हाउस इण्डेक्स, ब्रटू इण्डेक्स एवं कंटेनर इण्डेक्स



को कम कर मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के केसों में कमी लाना है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में मच्छरजनित मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग हेतु एक नवाचार किया गया है। उन्होंने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया की तीव्रता प्रायः वर्षा ऋतु के प्रारम्भ जुलाई-अगस्त से लेकर अक्टूबर-नवम्बर तक रहती है। विगत वर्षों में लाइफ स्टाइल एवं मौसम परिवर्तन के चलते मौसमी बीमारियों का प्रसार बढ़ने लगा है। भारत सरकार ने इस वर्ष डेंगू रोग के अधिक प्रसार की आशंका व्यक्त की है। इसे देखते हुए विभाग सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित कर रहा है। सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मौसमी बीमारियों से बचाव व नियंत्रण हेतु विभिन्न विभागीय एवं अन्तर्विभागीय गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से चिकित्सा विभाग ने तकनीक के उपयोग पर जोर दिया है। विभाग ओडीके ऐप द्वारा मच्छरजनित बीमारियों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग करेगा। एप के माध्यम से मच्छर के प्रजनन स्थलों तथा लार्वा पाये जाने वाले स्थानों की फोटो लेकर स्वायत्त शासन विभाग या पंचायती राज विभाग को भेजा जाएगा। फोटो मिलने के बाद संबंधित विभाग उन स्थानों पर एंटी लार्वा एवं मच्छर रोधी गतिविधियां कर आमजन को बीमारियों से बचाएंगे।

### सभी स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जा सकेगा एप का उपयोग

फील्ड में भ्रमण दौरान मच्छर के प्रजनन स्थानों की पहचान कर फोटो लेने का कार्य विभिन्न स्तर के अधिकारियों-कार्मिकों द्वारा किया जा सकेगा। एएनएम., आशा, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, डीबीसी वर्कर, ब्लॉक स्तर से बीपीएम, ब्लॉक सुपरवाइजर, बीसीएमओ, जिला स्तर से एन्टोमोलोजिस्ट, वीबीडी कन्सलटेन्ट, एपिडेमियोलोजिस्ट, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जोन एवं राज्य स्तरीय अधिकारी फोटो लेकर संबंधित विभाग को भेज सकेंगे।

### मच्छर प्रजनन के संभावित स्थान

सड़क पर पड़ा हुआ कचरा, नाली में सफाई के अभाव में रूका हुआ पानी, गड्ढों में भरा पानी, खाली प्लॉट में कचरा/पानी, बड़े जल स्रोतों (तालाब, पोखर/बावड़ी) में कचरा, घर के बाहर पानी के अन्य स्त्रोत टंकी आदि।

# बिजली के लिए अब खण्ड स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष

**जयपुर।** तेज गर्मी, आंधी-अंधड़ को ध्यान में रखते हुए विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं ईमरजेंसी मे संभावित दुघर्टना को रोकने के लिए कॉल सेन्टर के साथ ही जयपुर नगर वृत में खण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष पर भी शिकायत दर्ज करवाने की व्यवस्था की गई है, ताकि विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने पर दर्ज शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर विद्युत आपूर्ति को सुचारु किया जा सके। इनमें खंड स्तर (अधिशासी अभियंता) नियंत्रण कक्ष के नंबर नगर खण्ड प्रथम कन्ट्रोल रूम 2231770 9413390214 9413390064, नगर खण्ड द्वितीय कन्ट्रोल रूम 2571559 9413390215 9413390065, नगर खण्ड तृतीय कन्ट्रोल रूम 2571613 9413390252 9413390066, नगर खण्ड चतुर्थ कन्ट्रोल रूम 2612895 9414029406 9413390067, नगर खण्ड पंचम कन्ट्रोल रूम 2618460 9413390275 9413390068, नगर खण्ड षष्ठम कन्ट्रोल रूम 2782565 9413390287 9413390069, नगर खण्ड सप्तम कन्ट्रोल रूम 2232692 9413390305 9413390070 है। साथ ही विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर अन्य माध्यम से भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

## जरूरी खबर

### अस्थाई अतिक्रमण हटाए, आठ ट्रक सामान जब्त



**जयपुर।** हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने रविवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ते ने यातायात पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए संसार चंद्र रोड, जनाना अस्पताल, पोलो विक्ट्री, खासा कोठी इलाके में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान दस्ते ने आठ ट्रक सामान जब्त कर हेरिटेज निगम के माल गोदाम में जमा कराया।

### कपड़े की दुकान में चोरी, रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं

**जयपुर।** विद्याधर नगर इलाके में कपड़ा व्यापारी की दुकान पर उसके ताले की जगह दूसरे ताले लगा देने और उसके कपड़े के माल को भी खुर्द -बुर्द कर देने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी मुकेश ने विद्याधर नगर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक मां की मौत के बाद वह सेंट्रल स्पाइन स्थित दुकान एसजी-23 पर नियमित नहीं जा रहा था। 7 मई को दुकान पर पहुंचा तो वहां उसके एक ताले की जगह शटर के दोनों कुंदों पर ताले लगे थे। इस पर उसने साजिश के तहत ताला बदलने की रिपोर्ट पुलिस को दी और प्रदीप टिबरेवाल व अभिषेक पर शक जताया। 10 मई को पीड़ित ने दुकान खुली देखी। उसने पुलिस को सूचना दी कि दुकान में अभिषेक टिबरेवाल साथियों के साथ बैठा है। उसके कपड़े के माल को भी खुर्द-बुर्द कर दिया है। वास्तविक मौका स्थल के वीडियो भी पुलिस को भेजे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। मुकेश ने बताया कि प्रदीप और अभिषेक ने जान से मारने की धमकी देते हुए दुकान खाली करने के लिए धमकाया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की।

**खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई,** कारोबारी और 1 कर्मचारी गिरफ्तार

# गलता इलाके में गोदाम पर छापा 200kg मिलावटी पनीर पकड़ा

■ सैंपल लेकर मौके पर ही करवाया नष्ट, पनीर ले जा रही कार सीज की ■ गोदाम मालिक पर 47 हजार का जुर्माना

**बेधड़क** | जयपुर

गलता एरिया में एक गोदाम पर रविवार सुबह खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मारा। इस दौरान टीम ने यहां से 200 किलो मिलावटी पनीर जब्त कर उसे नष्ट कराया। इस दौरान टीम ने पनीर ले जा रही कार को सीज कर लिया और गोदाम मालिक पर 47 हजार रुपए से ज्यादा का जुर्माना भी लगाया। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि हमारी टीम ने पुलिस के साथ मिलकर D-449 गोवर्द्धन पुरी कॉलोनी में एक गोदाम पर छापा मारा। यह गोदाम पनीर का व्यापार करने वाले थोक विक्रेता अभिषेक का है। छापे के समय अभिषेक और उसका एक कर्मचारी वहीं पर मौजूद था। गोदाम के अंदर खड़ी एक गाड़ी में 200 किलो पनीर मौजूद था।





### लाइसेंस लिए बिना कर रहा था काम

उन्होंने बताया कि यह पनीर हानिकारक सपरेटा दूध से बनाया गया था और देखने पर खराब और मिलावटी लग रहा था। इस दौरान पनीर से बदबू भी आ रही थी। इस पर हमारी टीम ने उस पनीर के सैंपल लिए और सारे पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया। सैंपल लेने और पनीर को नष्ट करवाने के बाद कारोबारी अभिषेक और उसके कर्मचारी बलबीर को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस टीम ने जिस गाड़ी में पनीर रखा था, उससे भी जब्त किया है। पंकज ओझा ने बताया कि अभिषेक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) का लाइसेंस लिए बिना काम कर रहा था। इसके यहां पर पहले भी कार्रवाई की गई थी।

**...इधर, ढाबों-भोजनालयों और मिष्ठान भंडार पर भी कार्रवाई**

## ग्रेवी-तेल-आटे-सब्जी और मिठाई के सेंपल लिए

**बेधड़क** | जयपुर

रेलवे स्टेशन स्थित खंडेलवाल ढाबे पर सीएमएचओ प्रथम की खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान गंभीर अनियमितता पाई गई। साफ सफाई बिल्कुल भी ठीक नहीं थी। जगह-जगह गंदगी फैली हुई थी उनको इंप्रूवमेंट नोटिस दिया गया। पनीर की क्वालिटी बिल्कुल खराब थी, उसका भी सैंपल लिया गया और शेष पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। उनके द्वारा काम में ली जा रही ग्रेवी व तेल का भी सैंपल लिया गया। इसके बाद पास स्थित रूप बसंत भोजनालय का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर ही साफ सफाई रखने व शुद्ध सामग्री उपलब्ध करवाने की हिदायत दी गई। यहां से उनके द्वारा काम में लिए जा रहे आटे एवं सब्जी के दो नमूने लिए गए। इसके साथ ही सरस्वती मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया जिसमें साफ सफाई का अभाव मिला। यहां से दो मिठाई के नमूने लिए तथा इनको इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई में अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रवि शेखावत टीम के साथ उपस्थित रहे। टीम में रतन गोदारा नरेश चेजारा व पवन गुप्ता खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कार्रवाई की गई।





## शाश्वत गीता

### परमात्मा को पाना नहीं... परमात्मा होना है



*विनायक शर्मा*
*आध्यात्मिक प्रचारक*

सारा अस्तित्व ही परम पिता परमात्मा का आवास है, समस्त चर(गतिशील), अचर(गतिहीन) जड़ वस्तुओं में ईश्वर का वास है, चेतन प्राणियों के जीवन का तथा जड़( निष्प्राण) वस्तुओं के अस्तित्व का आधार ईश्वर ही है अर्थात् संपूर्ण अस्तित्व ही ईश्वर है। पुण्यात्मा हो या पापात्मा, पशु पक्षी हो या कीट पतंग सभी में वो अविनाशी परमात्मा है। स्थूल सृष्टि में जो भी तत्व हैं, वे सभी (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, आदि) प्राणियों के देह में भी होते हैं-

***यद् पिण्डे तद् ब्रह्मांडे। 'ब्रह्मांडे ये गुणाः सन्ति,पिण्डेष्वपि च ते स्थिताः'(गरुड़ पुराण ) - ब्रह्मांड में जो भी गुण है वो सब देह में भी है।***

***अण्डे तु ये प्रपञ्चाः स्युः पिण्डे ते च प्रतिष्ठिताः । लघुत्वं गुरुतां चर्ते न भेदस्त्वण्डपिण्डयोः।। - योगदीपिका***

अर्थात् जो ब्रह्मांड में पंचतत्वरूप प्रपंच का विस्तार है, वही पिण्ड में है, लघुता और गुरुता के भेद को छोड़कर पिण्ड और ब्रह्मांड में कोई अंतर नहीं है । प्रत्येक सूक्ष्म शक्ति का अस्तित्व स्थूल वस्तु के द्वारा प्रकट होता है, मानो सूक्ष्म में भी अपने अस्तित्व के लिए स्थूल का सहारा लेता है । परमात्मा समस्त शक्तियों की मूलभूत शक्ति है, तथा सब शक्तियां उस परम शक्ति से जन्म लेकर उसी में विलीन हो जाती है, किंतु हम परमात्मा को हमसे अलग समझ बैठे और तभी से भौतिकता मनुष्य पर हावी होती चली गई, प्रकृति सदैव परमात्मा के आनंद में डूबी रहती है और मनुष्य कभी ना मिलने वाली सफलता के पीछे दौड़ता रहता है, किंतु वह सफल है इस बात को जिस दिन समझ गया उस दिन सारा दुख सारा विषाद ख़त्म हो जाएगा, भगवान श्री कृष्ण ने भगवत गीता में जहां भी "मैं" बोला है, वहां वह किसी एक कृष्ण की बात नहीं कर रहे, वहां वह समस्त समिष्टि की ओर से यह उद्बोधन किया गया है। श्री कृष्ण पूरे अस्तित्व का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जिस में हम सभी आते हैं, इसीलिए गीता का ज्ञान हमें श्री कृष्ण और अर्जुन दोनों होना बताता है, जब तक हम ज्ञान से अपरिचित हैं तब तक अर्जुन हैं, किंतु ज्ञान से परिचय हो जाने के बाद हम श्री कृष्ण ही हैं।

## जानकी नवमी पर 16 को होगा सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन

**बेधड़क** | जयपुर

सेवा भारती समिति राजस्थान की ओर से 13वें सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 16 मई (जानकी नवमी) को आदर्श विद्या मंदिर, अंबाबाड़ी में होगा। साथ ही 23 मई को (पीपल पूर्णिमा) पर चौमूं, बस्सी, सवाईमाधोपुर में सर्वजातीय सामूहिक विवाहों का आयोजन किया जाएगा। प्रांतमंत्री गिरधारी लाल शर्मा, नवल किशोर बांगड़िया, नागरमल अग्रवाल इस पूरे कार्यक्रम के मुख्य भूमिका में हैं। सम्मेलन में भोजन वितरण समेत व्यवस्थाएं महिलाओं की ओर से की जाएंगी। इस वर्ष 51 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2010 में इस तरह से विवाह सम्मेलन की शुरूआत हुई। अब तक प्रदेश के 22 जिलों के 33 स्थानों पर 2375 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**रामलाल का स्मृति चिन्ह और फोटो भेंट**

## 3100 वरिष्ठजनों को किया सम्मानित

**बेधड़क** | जयपुर

सांगानेर वार्ड 89 में वरिष्ठजन व कार्यकर्ता सम्मान समारोह में 3100 लोगों को भगवा शॉल और रामलाल का स्मृति चिन्ह व फोटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

पार्षद गिर्राज शर्मा ने बताया कि कोहिनूर सिनेमा में आयोजित समारोह का मुख्य आकर्षण साधु-संतों का समागम रहा। साथ ही सभी वार्डों के वरिष्ठजनों को सम्मानित करने का मौका मिला। कार्यक्रम में त्रिवेणी धाम के राम रतन दास महाराज, हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज और निगम ग्रेटर डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत द्वार के पास राजा हिंदुस्तानी ने मनमोहन भारत माता की झांकी सजाई। जोधपुर निवासी राजा हिंदुस्तानी ने बताया कि उन्होंने भारत माता के विभिन्न रूपों को झांकी में साजोया है। 12 वर्षीय तपस्वी को भारत माता के प्रतीकात्मक रूप में सजाया गया।



**श्री अग्रवाल परमार्थ सेवा समिति का प्रादेशिक परिचय सम्मेलन**

## देश-विदेश से जीवन साथी चुनने आए 5 हजार युवा

**बेधड़क** | जयपुर

अग्रवाल समाज में युवक युवतियां हाइली एजुकेटेड होने के साथ दिनों-दिन लगातार प्रोफेशनल लाइफ के कारण देश विदेश में व्यस्त हैं, यही कारण रहा कि रविवार को अग्रवाल परमार्थ सेवा समिति की ओर से आयोजित प्रादेशिक युवक युवती परिचय सम्मेलन में लगभग 5 हजार रजिट्रेशन हुए।

सम्मेलन में आए युवाओं ने मंच पर आकर हजारों परिवारों के सामने फैमिली और अपनी योग्यता के बारे में बताया। समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि 200 फीट बाईपास स्थित जिंदल गार्डन में आयोजित वैवाहिक परिचय सम्मेलन में रविवार सुबह से ही देश-विदेश के परिवारजन एकत्रित हुए। इसमें हजारों युवक युवतियों ने बेहतर जीवन साथी चुनने के लिए अपना परिचय मंच से दिया। सम्मेलन में दीप प्रज्वलन के साथ अग्रसेन महाराज की पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर अग्रवाल समाज की 'अग्र सारथी' स्मारिका का भी विमोचन किया गया। समिति अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन से देश मे पहली बार लगभग 500 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। सम्मेलन में राजस्थान सहित देश के बंगाल, उड़ीसा, असम, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड से भी परिवारजन युवक युवतियों सहित शामिल हुए।



**मंसूरी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े बने हमसफर**

# 'तू मुझे कबूल, मैं तुझे कबूल...' कहकर की नई जिंदगी की शुरुआत

**बेधड़क** | जयपुर

आमेर स्थित ओम विमल गार्डन में राजावटी एवं अगवारा जिला सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस दौरान मंसूरी मुस्लिम समाज के जोड़ों ने 'कबूल, है, कबूल है, कबूल है' कहकर नई जिंदगी की शुरुआत की। सामूहिक विवाह सम्मेलन के संयोजक अकबर चौहान निवासी (ताला) व मोहमद इकबाल पंवार आमेर ने बताया कि विवाह सम्मेलन में राजस्थान सहित आसपास के राज्यों से भारी संख्या में मंसूरी समाज के लोग शामिल हुए और समाज के 17 जोड़े एक दूसरे के हमसफर बने।



### भामाशाहों का रहा विशेष सहयोग

सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के भामाशाहों का विषेश योगदान रहा। जयपुर शहर के काजी खालिद उस्मानी की सरपरस्ती में तीन काजियों ने निकाह पढ़ाया। उन्होंने नए जोड़ों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि शादी के बाद नई जिंदगी की शुरुआत होती है। ऐसे में एक-दूसरे के वाल्देन से अपने वाल्देन की तरह पेश आएं। साथ ही अन्य रिश्तों का मान बनाए रखें।



### दहेज नहीं लेने की शपथ दिलाई

समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि हर बार ऐसे सम्मेलन आयोजित होते रहने चाहिए, ताकी शादियों मे हो रही फिजूल खर्ची से बचा जा सके। उन्होंने विवाह आयोजन में समाज में फेल रही कूरीतियों को दूर करने, समाज में शिक्षा पर जोर देने सहित समाज की तरक्की पर जोर दिया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाज के महिला-पुरुष मौजूद रहे। सभी लोगों को बाल विवाह रोकने दहेज नहीं लेने की शपथ दिलाई गई।

## जरूरी खबर

### शिक्षा अधिकारियों ने किया एयर कंडीशनर भेंट



**चूरू।** जिला मुख्यालय में स्थित चूरू मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गुरुवार को चूरू ब्लॉक के समस्त यूसीईईओ एवं पीईईओ ने 40 हजार रुपए की अनुमानित लागत से एयरकंडीशनर भेंट की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सहारण ने समस्त शिक्षा अधिकारियों का अनुकरणीय कार्य के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खालिद अली तुगलक, आरपी विनय सोनी, आरपी श्याम सुन्दर पूनिया, आरपी देवेंद्र सिंह राहड़, राकेश मांझू, मुकुल दीक्षित, सुभाष सहारण, राजप्रकाश धानिया, राजेंद्र सिंह राजावत, संदीप पूनिया, मनोज शर्मा, मनोज सोनी, पूर्णाराम, हरि सिंह कुल्हरी, स्वीटी शर्मा, मुकेश कंवर, सुनीता दादरवाल, रघुवीर इसराण, शिवराम इसराण सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिला कलेक्टर आज लेंगी आपदा प्रबंधन की बैठक

**अजमेर।** जिले में सम्भावित बाढ़, बाढ़ बचाव व्यवस्था एवं आपदा प्रबन्धन के सम्बन्ध में विचार विमर्श करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में सोमवार को 3 बजे कलेक्ट्रेट समिति कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी ने दी।

### 15 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**डीग।** जिले की जुरहरा थाना पुलिस ने ऑपरेशन एंटी वायरस अभियान के तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 साइबर ठगों जुरहरा क्षेत्र के अलग अलग गांव के नफीस, शाहरुख, समेल खान, साकिर, मकसूद, वसीम, कामिल, मुमताज, मारूफ, कासम, सोहेल, इसर, सलमान को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 23 मोबाइल फोन, 1 क्यूआर कोड स्कैनर, 14 फर्जी एटीएम कार्ड और 3 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए हैं। एसपी राजेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 23 मोबाइल फोन, 1 क्यूआर कोड स्कैनर, छद्म (नकली) नाम पते के 14 फर्जी एटीएम कार्ड और 3 फर्जी सिम कार्ड मिले।

---

**अलवर में 19 हजार से ज्यादा बच्चों को मिल रहा है** आंचल मदर मिल्क बैंक से लाभ

# मदर मिल्क बैंक बन रहा है नवजातों के लिए जीवनदाता

**बेधड़क** | अलवर

शहर के जनाना अस्पताल में संचालित हो रहा आंचल मदर मिल्क बैंक नवजातों के लिए जीवनदाता का काम कर रहा है। जिले में एकमात्र इसी स्थान पर माताएं अपना दूध दान कर दूसरे बच्चों पर अपनी ममता न्योछावर कर रही है।

दरअसल जनाना अस्पताल में फॉर्मूला मिल्क पूरी तरीके से रोक है। ऐसे में नवजात बच्चे को दूध की जरूरत होने पर इसी आंचल मदर मिल्क बैंक से निशुल्क दूध उपलब्ध करवाया जा रहा है। आंचल मदर मिल्क बैंक की मैनेजर पूनम मलिक ने बताया कि बैंक की शुरुआत सितंबर 2016 में हुई थी। जब मिल्क बैंक की शुरुआत अलवर में हुई, तब यहां स्टाफ को भी इस काम के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं था। इसके लिए सभी को उदयपुर से ट्रेनिंग दिलाई गई। लेकिन हमारे सामने सबसे बड़ी समस्या माताओं को मोटिवेट करना था। बैंक की टीम ने जनाना अस्पताल से काउंसलिंग की शुरुआत की। जिले के रूरल एरिया तक भी पहुंचे। इस मेहनत का नतीजा यह है कि आज यहां आने वाली माताएं अपना दूध दान कर अपनी ममता और दूसरे बच्चों पर लुटा रही हैं।

### ब्रेस्टफीडिंग को प्रमोट करना है उद्देश्य




पूनम मलिक ने बताया कि आंचल बैंक का उद्देश्य यह नहीं है कि माताएं इस मिल्क बैंक में दूध डोनेशन के लिए आएं। हमारा पहला उद्देश्य रहता है कि महिलाओं को इस बारे में समझाया जाए कि माताएं अपने नवजात शिशुओं को अपना दूध पिलाएं। सबसे पहले हमारा ब्रेस्टफीडिंग को प्रमोट करने का उद्देश्य रहता है। पूनम मलिक ने बताया कि हमारे यहां से 70 से 80 यूनिट दूध रोजाना नवजात बच्चों के लिए जाता है। जिन्हें अपनी मां का दूध किसी कारण उपलब्ध नहीं हो पाता। इसके साथ ही अलवर के ज्यादातर प्राइवेट अस्पतालों में भी आंचल मदर मिल्क बैंक से मिल्क नवजात बच्चों को उपलब्ध करवाया जाता है।

### 15 हजार से ज्यादा मांओं ने किया दूध का दान

पूनम मलिक ने बताया कि जब से इस मदर मिल्क बैंक की शुरुआत हुई है, तब से लेकर अब तक 15433 माताओं ने आंचल मदर मिल्क बैंक में दूध डोनेट किया है। इससे हमें 4900 लीटर मिल्क अभी तक डोनेशन मिला है। इस डोनेशन मिल्क से अभी तक आंचल मदर मिल्क बैंक से 19700 बच्चे ऐसे हैं जिन्हें लाभ पहुंचाया है। पूनम मलिक ने बताया कि ब्लड का दान तो कोई भी हेल्दी व्यक्ति कर सकता है। लेकिन मिल्क बैंक में दूध का दान सिर्फ प्रसूता मां ही कर सकती है। इसके लिए अलवर में अब जागरूकता भी आई है। अलवर आंचल मदर मिल्क बैंक में अलवर की महिलाएं अब आगे आ रही हैं। मदर मिल्क बैंक में ऐसी भी कई महिलाएं हैं, जो एक से ज्यादा बार आकर दूध का दान करती हैं।

### 20 डिग्री पर रखा जाता है दूध

पूनम मलिक ने बताया कि आंचल मदर मिल्क बैंक में डी फ्रीजर में -20 डिग्री तापमान पर दूध को रखा जाता है। -20 डिग्री तापमान से जब बाहर निकाल कर दूध किसी बच्चे के लिए दिया किया जाता है, तो तीन से चार घंटे तक वह दूध नार्मल टेंपरेचर पर रह सकता है। पूनम मलिक का कहना है कि एक यूनिट में 30 ml दूध एक बच्चे को दिया जाता है।

### 19 मदर मिल्क बैंक संचालित

पूनम मलिक ने बताया कि बैंक में दूध लेने आने वाले लोगों को किसी तरह की कोई बड़ी फॉर्मेलिटी नहीं करनी पड़ती। फार्म से संबंधित सारा काम स्टाफ द्वारा किया जाता है। पूनम मलिक ने बताया कि प्रदेश में 19 मदर मिल्क बैंक संचालित हैं। अलवर का आंचल मदर मिल्क बैंक ऐसा है, जहां से जयपुर व अजमेर के लिए भी 3000 यूनिट मां का दान किया हो दूध भेजा गया है।

---

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर अचानक** सांड आने से हुआ हादसा

# कार-ट्रक में टक्कर से पति-पत्नी सहित तीन की मौत, 7 घायल

**बेधड़क** | बांदीकुई

बांदीकुई (दौसा) थाना क्षेत्र के ऊंनबड़ा गांव के पास रविवार अल सुबह दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर अचानक सांड के आने से एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस दौरान कार से बाहर निकलते ही पति-पत्नी समेत तीन लोगों को पीछे से आए ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौत हो गई, वहीं 7 लोग घायल हो गए।

दरअसल अहमदाबाद केरहने वाले हंसमुख (32) पुत्र कांतिलाल की मां का हरिद्वार में निधन हो गया था। इसलिए वे अपनी पत्नी, बेटी और दूसरे रिश्तेदारों के साथ उनका अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे। बांदीकुई एसएचओ ने बताया कि हंसमुख केअलावा उनकी पत्नी सीमा (30) एवं चाचा मोहनलाल (55) को ट्रक ने कुचल दिया। तीनों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत होकर हाईवे पर बिखर गए। वहीं, एक शव का सिर कटकर अलग हो गया। कार में सवार हंसमुख की बहन नीता (32), नीलम (26), ड्राइवर दिनेश (30) गंभीर घायल हुए हैं। वहीं, मामा कीरट भाई, नीता की बेटी सादिया (3) एवं हंसमुख के बेटे निवाल (2) को हल्की चोट आई है। सभी घायलों को दौसा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



हंसमुख | सीमा (पत्नी) | मोहनलाल (चाचा)

### हरिद्वार घूमने गई थी मां

हंसमुख के मामा कीरट भाई ने बताया कि उनकी बहन सविता 6 मई को हरिद्वार घूमने के लिए गई हुई थी। शनिवार सुबह सविता की हरिद्वार में मौत हो गई। इसकेबाद पूरा परिवार उनकेक्रिया कर्म के लिए हरिद्वार जा रहा था और यह हादसा हो गया।

### दावे हुए खोखले

जब एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया गया तो दावा किया गया था कि यहां आवारा जानवरों की वजह से एक्सीडेंट नहीं होंगे। NHAI का दावा है कि एक्सप्रेस-वे पर आवारा जानवर नहीं आ सकते। इसके लिए दोनों ओर बड़ी-बड़ी रेलिंग लगाई गई है। इसके अलावा एक्सप्रेस-वे की ऊंचाई नॉर्मल हाईवे से ज्यादा है, ताकि जानवर न चढ़ पाएं। हालांकि, आज हुए एक्सीडेंट ने ऐसे सभी दावों की पोल खोल दी है। क्योंकि एक्सप्रेस-वे पर सांड कहां से आया ये सवाल है?



### एक्सप्रेस-वे एक नजर में

एक्सप्रेस-वे दिल्ली से मुंबई तक 1350 किमी का होगा। एक्सप्रेस-वे को बनाने के लिए पांच राज्यों में 1500 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया था। इसमें 35 करोड़ क्यूबिक मीटर मिट्टी का भी इस्तेमाल किया गया है। एक्सप्रेस-वे की गुजरात में लंबाई 426, राजस्थान में 373, मध्यप्रदेश में 244, महाराष्ट्र में 171, हरियाणा में 129 किमी की लंबाई रहेगी।

### 10 महीने में ही 95 मौतें

पिछले साल इस एक्सप्रेस-वे की शुरुआत की गई थी। इस साल जनवरी तक इस एक्सप्रेस-वे पर 95 मौतें अलग-अलग एक्सीडेंट में हो गई थीं। इस साल 30 जनवरी को पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की कार का भी एक्सीडेंट हुआ था। जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। इसके बाद आईआईटी मद्रास की टीम को यहां कई खामियां मिली थीं। हालांकि, इस टीम की रिपोर्ट पर कितना काम हुआ है ये अब तक कंफर्म नहीं हो सका है।

---

**दो दिवसीय दौरे के बाद यूपी रवाना**

# घना में पक्षियों की देखी अठखेलियां, खुश दिखी अमरीकी राजनयिक





**बेधड़क** | भरतपुर

जिले में दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर आईं अमेरीकी राजनयिक पेट्रिसिया ए लासीना ने रविवार को सुबह केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान का विजिट किया। उन्होंने यहां अलग-अलग ब्लॉक में बायनाकुलर (दूरबीन) की मदद से अलग अलग पक्षी और उनकी अठखेलियां देखीं। घना घूमने के बाद पेट्रिसिया ने कहा ' वी रियली एंजायड इट' कहा।

सुबह करीब 6.05 बजे अमरीकी राजनयिक पेट्रिसिया केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान पहुंचीं। यहां से उन्होंने उद्यान प्रशासन और नेचर गाइड के साथ बैरियर से टावर तक भ्रमण किया। सड़क के दोनों तरफ के ब्लॉक में पक्षियों को निहारते हुए टावर तक पहुंचीं। टावर के ऊपर से भी उन्होंने दूरबीन की मदद से पक्षियों की अठखेलियों को निहारा। इस दौरान पर्यटन विभाग के उप निदेशक संजय जौहरी ने उनका स्वागत किया। घना घूमकर और पक्षियों की अठखेलियां देखकर पेट्रिसिया काफी खुश नजर आईं। करीब डेढ़ घंटे तक घना घूमकर अपने अनुभव साझा करते हुए पेट्रिसिया ने घना प्रशासन, पर्यटन विभाग के अधिकारी और नेचर गाइड को धन्यवाद दिया। पेट्रिसिया यहां से उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी के लिए रवाना हो गईं। इससे पहले अमेरिकी राजनयिक पेट्रिसिया ए लासीना शनिवार शाम को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंची थी। शनिवार शाम को ही पेट्रिसिया ने भरतपुर के राजकीय संग्रहालय का भ्रमण किया था। संग्रहालय में उन्होंने भरतपुर के इतिहास और कई सभ्यताओं के अवशेषों को निहारा था। पेट्रिसिया ने भरतपुर के गौरवशाली इतिहास की धरोहर, महाराजाओं की कलाकृतियों आर्ट गैलरी में लघु चित्र, कला का भी निरीक्षण किया।

---

**तीन थानों की पुलिस ने ट्रैफिक नियम** तोड़ने पर की कार्रवाई

# रोड पर स्टंट करने पर 117 बाइक्स एक स्कॉर्पियो व चार कार की जप्त

**बेधड़क** | उदयपुर

जिले की प्रताप नगर, हिरणमगरी व सवीना थाना पुलिस की टीम ने बाइक पर स्टंट कर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले आवारा-मनचलों युवकों से 117 बाइक्स, एक स्कॉर्पियो एवं चार कार जब्त कर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



एसपी योगेश गोयल ने बताया कि शहर में बाइक्स चोरी एवं आवारा मनचलों व युवकों द्वारा बाइक्स पर स्टंट कर तेज गति से बाइक चला ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ नगर पूर्व छगन पुरोहित के सुपरविजन में थाना प्रताप नगर, हिरणमगरी एवं सवीना के एसएचओ मय टीम द्वारा कुल 122 बाइक-कार जप्त कर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। एसपी गोयल ने बताया कि थाना प्रताप नगर पुलिस ने 35 बाइक एवं एक स्कॉर्पियो, थाना हिरण मगरी पुलिस ने 29 बाइक एवं चार कार एवं थाना सवीना पुलिस ने 53 बाइक जप्त कर उनके दस्तावेज स्थापित कर एमवी एक्ट में कार्रवाई की है। एसपी ने आमजन से अपील की है कि अपने वाहनों के दस्तावेज की प्रति अपने वाहन या मोबाइल में डीजी लॉकर में रखें और किसी भी संदिग्ध वाहन की सूचना अपने नजदीकी पुलिस थाने या कंट्रोल रूम पर देवे।

---

**साइबर सेल टीम ने 60 मोबाइल बरामद कर मालिकों को किया सुपुर्द**

# मोबाइल मिले तो चेहरे पर आई मुस्कान

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले की साइबर सेल टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की ओर से लोगों के चोरी एवं गुम हुए 60 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किया है। मोबाइल मिलने पर मोबाइल मालिकों के चेहरें पर फिर से मुसकान आ गई।

वहीं मोबाइलों को बरामद करने में साइबर सेल की अहम भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल टीम की सराहना करते हुए पीठ भी थपथपाई है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया कि जिले की साइबर सेल ने कड़ी मशक्कत एवं लगन के साथ काम करते हुए लोगों के गुम एवं चोरी हुए 60 मोबाइलों को तकनीकी सहायता से ट्रैस कर बरामद किया। उन्होंने बताया जिले के विभिन्न पुलिस थानों में मोबाइल गुमशुदी के प्रकरण दर्ज थे। साइबर सेल ने 60 मोबाइल फोन को ट्रैस आउट किया है।



सभी मोबाइल मालिकों को एसपी ऑफिस बुलाकर उनको सुपुर्द किया गया है। मेहरडा ने बताया सीईआईआर पोर्टल मोबाइल फोन चोरी अथवा गुम होने पर मददगार साबित होगा। इसके माध्यम से मोबाइल स्वामी ई-मित्र या पोर्टल पर खुद भी शिकायत दर्ज कर सकता है।

सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत होने से खोए हुए मोबाइल को यदि कोई व्यक्ति उपयोग करता है, तो तुरंत मोबाइल स्वामी एवं संबंधित पुलिस थाने में मैसेज पहुंच जाएगा। जिसके माध्यम से खोए हुए मोबाइल को आसानी से बरामद किया जा सकता है।

---

**भीलवाड़ा में प्रशासन ने रूकवाए बाल विवाह**

# जिला कलेक्टर की पहल से बालिका वधु बनने से बचीं आठ बेटियां

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

प्रदेश में बाल विवाह रूकने के नाम नहीं ले रहे हैं। प्रशासन के सारे दावों के बावजूद इन पर रोक नहीं लगाई जा सकी है। तमाम जागरूकता अभियान और शासन-प्रशासन की सख्ती के बावजूद बदस्तूर बाल विवाह का सिलसिला है कि थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।

ताजा मामला भीलवाड़ा से सामने आया, जहां जिले कलेक्टर की पहल पर 8 बेटियों को बालिका वधू बनने से बचाया गया। जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर नमित मेहता की पहल पर भीलवाड़ा में अक्षय तृतीया के मौके पर 8 बाल विवाहों को रुकवा गया। कलेक्टर के निर्देश पर




जिले में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई। ऐसे में अक्षय तृतीय के दिन कंट्रोल रूम को बाल विवाह कराए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 बच्चियों को बालिका वधू बनने से बचाया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर बाल विवाह की शिकायत प्राप्त हुई थी। उसके बाद जिला प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बच्चियों की शादियों को रुकवाया गया।

### प्रशासन और पुलिस की सहायता से रूके बाल विवाह

प्रभारी भीलवाड़ा उपखंड अधिकारी अवध निवृत्ति सोमनाथ के निर्देश पर जिले की बड़लियास थाना पुलिस की मदद से एक, प्रतापनगर पुलिस की सहायता से एक और मंगरोप पुलिस की तत्परता से एक बच्ची की शादी रुकवाई गई। इसके अलावा मांडलगढ़ तहसीलदार की सक्रियता से एक, जहाजपुर उपखंड अधिकारी व बाल कल्याण समिति और तहसीलदार से संपर्क कर शकरगढ़ पुलिस की मदद से एक और पंडेर पुलिस की सहायता से एक, हनुमाननगर पुलिस की मदद से एक और रायपुर पुलिस के सहयोग से एक नाबालिग की शादी रुकवाया जा सका।

### बाल विवाह नियंत्रण कक्ष की स्थापना और जागरुकता अभियान हुए कारगर कदम

इस मामले में भीलवाड़ा उपखंड अधिकारी अवध निवृत्ति सोमनाथ ने बताया कि भीलवाड़ा प्रशासन की ओर से बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने के साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और बाल विवाह नियंत्रण कक्ष की स्थापना कराई गई। वहीं, अक्षय तृतीया के मौके पर नियंत्रण कक्ष को बाल विवाह से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुई, जिस पर कार्रवाई करते हुए कुल 8 नाबालिग बच्चियों की शादी रुकवाई गई। जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक मोहमद अशफाक खान ने बताया कि जिला कलेक्टर नमित मेहता व राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के निर्देशों की अनुपालना में अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले में जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही बाल विवाह को रोकने के लिए पंच, सरपंचों के अलावा सभी विभागों ने अहम भूमिका निभाई।



### मेगा जॉब फेयर में 2000 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

# कई स्टूडेंट को मिला 10 से 15 लाख तक का सालाना पैकेज

## VGU और CTPL के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ इवेंट

■ देश-विदेश की कई जानी मानी कंपनियों ने की शिरकत






**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय और सीटीपीएल के संयुक्त तत्वावधान में आरआईसी जयपुर में मेगा जॉब फेयर में विद्यार्थियों का रविवार को युवा उमड़ पड़े। जॉब फेयर में राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रख्यात कंपनियों के स्टालों पर प्लेसमेंट के लिए खासा उत्साह देखा गया। अच्छी से अच्छी जॉब पाने के इस सुनहरे अवसर को विद्यार्थी मिस नहीं करना चाहते थे।

मेगा जॉब फेयर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की 100 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया, जिसमें वीजीयू के 2000 विद्यार्थियों को जॉब ऑफर मिला। वहीं, कंपनियों ने इंटरव्यू के विभिन्न राउंड और अन्य नियुक्ति प्रक्रियाओं के आधार पर विद्यार्थियों की प्रतिभा और कौशल की गहनता से परखा। कई विद्यार्थियों को 10 से 15 लाख रुपए सालाना तक का पैकेज ऑफर हुआ है। मनपसंद कंपनियों में जॉब पाने का अवसर मिलने की खुशी उनके चेहरे पर खुशी झलक रही थी।

### सफलता के लिए सही कॅरिअर चुनना जरूरी: बगरिया

वीजीयू के सीईओ इंजीनियर ओंकार बगरिया ने इस मेगा जॉब फेयर का शुभारंभ करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार प्रदान करने में प्रतिबद्ध है। हमारा पूर्ण प्रयास रहता है कि यहां से पढ़ाई करने के बाद विद्यार्थी के कॅरिअर को नई दिशा मिले और वह वैश्विक स्तर की कंपनियों में नौकरी पाने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि लाइफ में हर कोई सफल होना चाहता है, लेकिन सभी को एक जैसी सफलता मिले ये जरूरी तो नहीं। जिंदगी में सफल होने का एक ही रास्ता है, सही समय पर सही कॅरिअर चुनना और अपनी योग्यता के अनुसार अपनी प्रतिभा को साबित करना।

### अच्छे अवसर देना फेयर की सार्थकता

वीजीयू के एक्टिंग प्रेसीडेंट प्रो संतोष कुमार ने कहा कि वीजीयू के जॉब फेयर में जिस तरह युवाओं में कराने के लिए उत्साह देखा गया उससे इस प्रकार के जॉब फेयर की सार्थकता बढ जाती है। इसमें वीजीयू में अध्ययनरत यूजी और पीजी स्तर के फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस इवेंट में 90 प्रतिशत विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस इवेंट को और व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी की महत्वाकांक्षा होती है कि उसे मनपंसद कंपनियों में बेहतर जॉब मिले, लेकिन यह इतना आसान नहीं है। जो आज भव्य जॉब फेयर में 100 से ज्यादा कंपनियों हमारे विद्यार्थियों को जॉब ऑफर देकर इसे साबित कर दिया है कि वीजीयू में पढाई करने वाले विद्यार्थी के सामने यह समस्या नही आती है।





### अभूतपूर्व आयोजन: भगवानुलु

वीजीयू के प्रो प्रेसीडेंट रिसर्च डीवीएस भगवानुलु ने इस इवेंट को अभूतपूर्व सफल आयोजन बताते हुए कहा कि वीजीयू का यह अनूठा प्रयास एक मिसाल बन गया है। वीजीयू के रजिस्ट्रार डॉ. प्रवीण चौधरी ने कहा कि इतने बडे स्तर पर इस जॉब फेयर में कंपनियों ने शिरकत की है, विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया है, उसका पूरा फायदा विद्यार्थी उठाएं। यह उनके कॅरिअर को नई दिशा प्रदान करेगा। जिनका सेलेक्शन नहीं हुआ, उन्होंने यहां से बहुत कुछ व्यावहारिक ज्ञान हासिल किया है।

### ये कंपनियां हुई शामिल

एक दिवसीय इस मेगा जॉब फेयर में देश और विदेश की कई नामी कंपनियों ने एग्रीकल्चर, इलेक्ट्रोनिक्स, रिटेल, ऑटोमोबाइल्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, पत्रकारिता, लीगल, फैशन, फाइनेंस एंड इंश्योरेंस, लॉजिस्टिक, निर्माण, मैनेजमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप एंड प्रोफेशनल, हेल्थकेयर, आईटी और टूरिज्म एंड हॉस्पिटीलिटी क्षेत्र की जानी मानी कंपनियों ने हिस्सा लिया। जिनमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रमुख कंपनियां जैसे विप्रो, रैंडस्टैड, एज, एयरटेल, ईआरडी, सेलेबल, हिताची, बजाज एलियांज, बीबीसी, ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन, स्पिनी, कंप्यूटेक्स, जस्ट डायल, डागा एसोसिएट्स, थ्रीलोफलाय, महिंद्रा नेक्सट शामिल हैं।

### हर संस्थान की महती जिम्मेदारी: सिंह

सीटीपीएल के एकेडेमिक हैड विश्व प्रताप सिंह ने कहा कि पढाई के साथ किसी भी संस्थान की जिम्मेदारी है कि वह अपने विद्यार्थियों के बेहतर कॅरिअर निर्माण और जॉब प्रदान करने में सहायता करे, वीजीयू पूर्ण रूप से ओर अग्रसर होकर भूमिका निभा रहा है।

### अभ्यर्थी बोले, जॉब के साथ ही इंटरेक्शन भी हुआ

जॉब फेयर में आने वाले अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव शेयर किए और इस इवेंट को छात्रों के कॅरिअर के लिए अनूठा प्रयास बताया। वीजीयू से मैकेनिकल में डिप्लोमा कर रहे छात्र रवि कुमार ने बताया ऐसे रोजगार मेले न केवल जॉब प्रदान करने में मददगार हैं बल्कि जॉब के अलावा हमें विभिन्न कंपनियों के साथ इंटरेक्शन करने का अनुभव भी मिलता है। एमसीए की छात्रा पूजा अधिकारी का कहना था वीजीयू में हर साल ऐसे रोजगार मेले आयोजित होते है। इससे एडमिशन लेने के बाद विद्यार्थियों में एक नया विश्वास जगता है और मोटिवेशन मिलता है। कॅरिअर को नई दिशा मिलती है। बीसीए के छात्र दिनेश कुमार ने कहा कि एक छत के नीचे करीब 150 एचआर मैनेजर 100 से ज्यादा कंपनियां जॉब ऑफर करने पहुंची। इससे बढिया अवसर और कुछ नहीं हो सकता है। एमबीए की छात्रा अरमाना कहना था कि यहां जॉब के लिए हमारे पास सभी प्रकार की कंपनियों के एक से बढ़कर एक ऑप्शन है। यहां जॉब के अवसर के साथ विभिन्न कंपनियों के बारे में जानने का मौका मिलता है।

---

## Yuva स्टोरीज

### 'समर ब्रॉडवे' में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन




**बेधड़क** | जयपुर

वैशाली नगर स्थित भवानी विद्यालय ट्रस्ट (चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर) की ओर से जवाहर कला केन्द्र में तृतीय समरब्रॉडवे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीजी एस सेंगाथिर और विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक विभाग अतिरिक्त निदेशक अबु सूफियान चौहान थे। इस कार्यक्रम में बच्चों ने प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया । निदेशक कोमल पंवार एवं पूजा अरोड़ा ने बताया कि बच्चों की कौशलताओं को बढ़ने के लिए हर वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन करते हैं।

### आकांक्षा खंडेलवाल को PHD की उपाधि



**जयपुर।** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के फिजिक्स डिपार्टमेंट की रिसर्च स्टूडेंट आकांक्षा खंडेलवाल को 'सिंथेसिस एंड स्टडी ऑफ इलेक्ट्रॉनिक स्ट्रक्चर ऑफ मिक्स्ड मेटल ऑक्साइड थिन फिल्म्स' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य प्रो. केएस शर्मा और डॉ. रिम्पी शुक्ला के निर्देशन में पूरा किया है।

### CA सदस्यों को दी पर्यावरण जानकारी

**जयपुर।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ सीए ऑफ इंडिया की जयपुर शाखा द्वारा सीए सदस्यों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान सतत भविष्य की ओर : पर्यावरण, ईएसजी को अलग रूप से समझाया गया। सेंट्रल कॉउन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के नए विषयों पर सीए सदस्यों के लिए ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन लगातार होना चाहिए। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण, ईएसजी किसी कंपनी में निवेश की स्थिरता के लिए उपयोगी है।

## भारत ने नेपाल को हरा जीती सॉफ्ट कॉपी चैंपियनशिप, जूनियर वर्ग में रनर्स अप रहे

**बेधड़क** | जयपुर

2nd इंडो नेपाल सॉफ्ट कॉपी चैंपियनशिप में भारत ने नेपाल को हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। 2nd इंडो नेपाल सॉफ्ट हॉकी चैंपियनशिप हाल ही में पोखरा नेपाल में आयोजित की गई, जिसमें सीनियर पुरुष भारतीय टीम ने नेपाल को 5-2 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। जिसमें दो गोल कप्तान भरत सिंह ने दो गोल भूपेंद्र शर्मा ने और एक गोल मोहित कुमार ने किया जबकि नेपाल की तरफ से दोनों गोल नरेश थापा ने किए।




### भारतीय जूनियर टीम रनर्स अप रही

इस स्पर्धा में भारतीय जूनियर बालक टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन कर भविष्य के प्रति उम्मीद जगाई। इस जूनियर बालक टीम ने अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन करके रजत पदक प्राप्त किया।



### महिला खिताब भी भारत ने जीता

भारत के लिए एक और खुश खबरी यह रही कि भारतीय महिला टीम ने भी नेपाली महिला टीम को 3-1 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सभी महिला खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और देश के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे पर विभिन्न कार्यक्रम



**बेधड़क** | जयपुर

महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट में रविवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे समारोहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर आधुनिक नर्सिंग की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर आयोजित समारोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नर्सिंग अधीक्षक राजेश पंजाबी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशा वर्मा ने किया। इस अवसर पर सर्व प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें चिकित्सक, नर्सेज एवम अन्य संवर्ग के कार्मिकों और कुछ परिजनों सहित कुल 28 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मरीजों को फल वितरित किए गए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए पानी के परिंडे बांधे गए। चिकित्सालय स्तर पर पांच श्रेष्ठ नर्सेज सीमा जॉस , सुभिता महान, कृष्णा मोदी, शमा सैनी व सुमित्रा देवी को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**सम्मान समारोह** | ब्राह्मण रत्न सम्मान से 45 प्रतिभाओं को नवाजा

## ब्राह्मणों को संस्कारों के बल पर आगे बढ़ना चाहिए: बोहरा

**बेधड़क** | जयपुर

ब्राह्मणों को अपने संस्कारों को प्रबल करते हुए समाज को दिशा एवं मार्गदर्शन देना चाहिए। ब्राह्मण समाज ने सदैव परहित में कार्य किया है। ब्राह्मण बच्चों को संस्कारित कर भगवान परशुराम जी की तरह जितेन्द्रिय बनना चाहिए। ये विचार रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन के अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय 'ब्राह्मण रत्न' सम्मान समारोह में जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने व्यक्त किया।




इस अवसर पर समारोह के अध्यक्षता करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण सर्वहित की बात करता है और सर्वजन सुखाय की भावना से समाज को एक राह दिखाता है, लेकिन अब ब्राह्मणों को भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए और अग्रणी भूमिका निभाने वाला ब्राह्मण आज पिछड़ रहा है। उसे भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए।

### इनको किया गया सम्मानित

इस अवसर पर श्रम न्यायालय के न्यायाधीश- अनीष दाधीच, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी-सुश्री गीतिका पाण्डेय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर-डॉ. पी.सी त्रिवेदी, पूर्व आचार्य- प्रोफेसर डॉ. प्रहलाद राय व्यास, एसीबी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-संदीप सारस्वत, महर्षि अरविन्द ग्रुप के डायरेक्टर-डॉ. संजय पाराशर, असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर-संजय शर्मा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष-डॉ. मधु मुकुल शर्मा, ईटीवी के हेड-अश्विनी विजय प्रकाश, वेदांता पीजी गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल- डॉ. शुभा शर्मा, फोर्टिस हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी-डॉ नीरज नगाइच, राष्ट्रपति के अंगरक्षकों को साफा बांधने में महारत-सुश्री दिया शर्मा, एसएमएस हॉस्पिटल के सहायक प्रोफेसर-डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, फोर्टिस हॉस्पिटल के सीनियर मेडिकल ऑफिसर-डॉ. निखिल व्यास, प्रसिद्ध भागवत एवं रामकथा प्रवचन-आचार्य गोपाल शरण महाराज, जगदम्बा आश्रम के संस्थापक-आचार्य पवन भारद्वाज, प्रसिद्ध ज्योतिष एवं गोदूत-ज्योतिषाचार्य अंकित रावल, ठिकाना मंदिर लक्ष्मण द्वारा के महंत वेणुगोपाल गौड, कुसुम ज्वेलर्स की संस्थापक-कुसुम पाटनवाला, फ्यूचर टेक प्रा.लि. के सीईओ-अशोक कुमार व्यास, तारा आर्ट पैलेस के डायरेक्टर-जयेष गौतम, मेहता गुरप कॉलेज एवं स्कूल के डायरेक्टर-राधेश्याम मेहता, एसएमएस हॉस्पिटल में ट्रामा लैब इंचार्ज-डॉ. सुमित तिवारी, सहायक व्याख्याता- महेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ अभियंता-परमानन्द शर्मा, वेद स्वाध्याय पीठ गुरुकुल के संस्थापक-महेश कुमार शर्मा, प्रसिद्ध रेडियोग्राफर-दीनदयाल शर्मा, गायत्री कोरियर के डायरेक्टर-सुरेंद्र कुमार शर्मा, विधिक सेवा से -एडवोकेट प्रकाश शर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट-सीए गौतम शर्मा, वीज लीगल फर्म के संस्थापक-एडवोकेट विनीत षर्मा, शास्त्रीय संगीत से -छवी जोशी, संतोष स्टील अपोलो पाइप्स के डायरेक्टर-कन्हैयालाल शर्मा आदि का सम्मान किया गया।

# रंग और शक्ल भेद नहीं हो सकता योग्यता का आधार



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

अक्सर अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा एक बार फिर भारतीय नागरिकों पर त्वचा के रंग, नाक-नक्ष और शक्ल पर नस्लभेदी टिप्पणी करने के कारण चर्चा में हैं। इस बार उन्हें यह चर्चा महंगी पड़ी है। कांग्रेस ने इस टिप्पणी से न केवल किनारा किया, बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनके द्वारा दिया त्याग-पत्र भी स्वीकार कर लिया।

पित्रोदा ने कहा था कि 'पूर्वोत्तर भारत के लोग चीनी, पश्चिम के अरब, उत्तर के गोरे और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे लगते हैं।' इस बेतुके बयान के पहले किसी भी मानव या समाजशास्त्री ने भारत में इस तरह के नस्लीय विभाजन की टिप्पणी कभी नहीं की। इस कथन के आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा नस्लीय मुद्दा बनाकर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा और जोर देकर कहा कि 'देशवासी त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दास्त नहीं करेंगे? अब यह बात समझ आ गई है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रोपदी मुर्मु को हराने की कोशिश इसलिए की थी, क्योंकि उनकी त्वचा का रंग संवला है। कोई मुझे बताए क्या मेरे देश में चमड़ी के रंग के आधार पर लोगों की योग्यता तय होगी।' मोदी ने यह तल्ख टिप्पणी वारंगल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दी। अमेरिका में रहने वाले सैम पित्रोदा ने कभी अमेरिका या पश्चिमी देशों में हिंसा की इबारत लिखे जाने के बावजूद नस्लभेद की टिप्पणी की हो, देखने-सुनने में नहीं आया? दरअसल पित्रोदा के ऐसे बयानों से देश की विभाजनकारी ताकतों को हवा मिलती है। चीन का साम्राज्यवादी रुख नस्ल के आधार पर पूर्वोत्तर भारत में घुसपैठ की कोशिश में लग जाता है। भारत में अनेक स्तर पर विविधताएं हैं, लेकिन वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में एक है। इस एकता को बनाए रखने

> *जरूरी है कि हम सांस्कृतिक एकरूपता वाली दंत कथाओं को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करें ? पूर्वोत्तर और दक्षिण राज्यों में रक्तजन्य जातीय समरसता के इस मूल-मंत्र से जातीय एकता की उम्मीद की जा सकती है। इसलिए सैम पित्रोदा जैसे पाश्चात्य अवधारणाओं से ग्रसित खंडित मानसिकता के लोगों से देश में जातीय और नस्लीय भेद को गहरा करने में ही अपनी कुत्सित बुद्धि का प्रयोग करने में लगे रहते हैं।*

का काम भगवान राम ने उत्तर से दक्षिण और कृष्ण ने पश्चिम से पूरब की यात्रा करके की थी। इसीलिए यह विरासत हमारे धर्म और इतिहास ग्रंथों के माध्यम से राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता का पाठ पढ़ाती रही है। फलतः देश की सभी दिशाओं में रहने वाले लोग तिरंगे से लेकर राष्ट्रगान और गीत पर गर्व करते हैं और इसकी सीमाओं की सुरक्षा के लिए सेना के तीनों अंगों में शामिल होकर बलिदानी भाव से तत्पर रहते हैं। तब रंग और नस्ल के भेद कहां ठहर पाते हैं? वाइदवे जब भी कोई नस्ल या रंग के आधार पर घटना घटती है, तो पूर्वोत्तर के पीड़ित अपनी जड़ें रामायण और महाभारत में खोजते हैं। कुछ साल पहले देश की राजधानी दिल्ली में अरूणाचल प्रदेश के तात्कालिक कांग्रेस विधायक निदो पवित्र के बेटे निदो तनियान के विलक्षण नाक-नक्ष पर कसी फब्तियों पर उठा विवाद निदो की निर्मम हत्या पर खत्म हुआ था। यह घटना बेहद दुखद और मन-मस्तिष्क को झकझोरने वाली थी। अक्सर पूर्वोत्तर के भारतीयों की विशेष शारीरिक बनावट, चेहरे-मोहरे और विचित्र अंदाज में काढ़े गए बालों की शैली को लेकर शेष भारत के लोग उन्हें चिंकी और चीनी कहकर चिढ़ाते व अपनानित करते हैं। दिल्ली के लाजपत नगर में निदो के साथ घटी घटना में उसकी हेयर स्टाइल पर कुछ दुकानदारों ने फब्ती कसी थी। इस कटाक्ष की प्रतिक्रिया स्वरूप विवाद इतना गहराया कि स्थानीय दुकानदारों ने निदो की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी।

इस घटना से तय हुआ कि हम अपनी भौगोलिक स्थिति और इतिहास सम्मत जानकारियों से कितने अनजान हैं। ऐसा इसलिए भी हो रहा है क्योंकि हम अपनी भौगोलिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक अस्मिता और सीमाई संप्रभुता जोड़ने वाली संस्कृत भाषा और लोक व दंत कथाओं से दूर होते चले जा रहे हैं। निदो की हत्या के बाद दिल्ली में पूर्वोत्तर के सातों राज्यों के छात्र-छात्राएं व अन्य लोग दोषियों की गिरफ्तारी के लिए धरने पर बैठे हुए थे। इसी धरने पर एक हिन्दी समाचार चैनल ने इस मुद्दे पर टॉक शो भी आयोजित कर डाला। शो में पूर्वोत्तर के कई विद्यार्थी उद्घोशिका द्वारा सवाल करने पर अपनी पहचान को रामायण और महाभारत के पात्रों से जोड़ रहे थे। एक छात्र ने इतिहास की पाठ्य पुस्तकों पर सवाल खड़ा करते हुए यहां तक कहा कि पूर्वोत्तर के राज्य का भूगोल व इतिहास किसी भी पाठ्य पुस्तक में शामिल नहीं है? जाहिर है, इन बुनियादी प्रश्नों के उत्तर मंच पर मौजूद तीन विशेषज्ञों में से किसी के पास नहीं थे। इस टॉक शो में उठाए गए अनुत्तरित प्रश्न इस बात का संकेत हैं कि हमें अपने देश की उस ज्ञान परंपरा से जुड़ने की जरूरत है, जिसने इतने बड़े भारतीय भू-भाग को अनेक विविधता के बावजूद जातीय स्वाभिमान एवं सांस्कृतिक एकरूपता से जोड़ा हुआ है।

आज पूर्वोत्तर के जिन सात राज्यों को सात बहनों के नाम से हम जानते हैं, वे राज्य पश्चिम बंगाल और असम के विभाजन के फलस्वरूप स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आए हैं। ये छोटे राज्य मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और मिजोरम हैं। प्रागैतिहासिक काल के पन्नों को खंगालें तो पता चलता है कि भगवान परशुराम और कार्तवीर्य अर्जुन के बीच जो भीषण युद्ध हुआ था, उसके अंतिम आततायी को परशुराम ने अरुणाचल में जाकर ही मारा था। इस परिप्रेक्ष्य में जरूरी है कि देश में बढ़ रही खंडित मानसिकता को पाटने के लिए हम प्राचीन शास्त्रीय परंपरा के पुनरुद्धार की पहल करें?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## पेयजल का संकट

# जब पानी बचेगा तभी तो बचेंगे हम



**ज्ञानेन्द्र रावत**
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

दुनिया में पेयजल की समस्या दिनों दिन गहराती चली जा रही है। इसके बावजूद हम पेयजल को बचाने और जल संचय के प्रति क्यों गंभीर नहीं हैं। यह समझ से परे है। जबकि संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 2025 में दुनिया की चौदह फीसदी आबादी के लिए जल संकट एक बहुत बड़ी समस्या बन जाएगा और अगर अभी से पानी की बढ़ती बर्बादी पर अंकुश नहीं लगाया गया तथा जल संरक्षण के उपाय नहीं किए गए तो हालात और खराब हो जाएंगे ।इंटरनेशनल ग्राउंड वाटर रिसोर्स असेसमेंट सेंटर के अनुसार पूरी दुनिया में आज 270 करोड़ लोग ऐसे हैं जो पूरे एक वर्ष में तकरीब तीस दिन तक पानी के संकट का सामना करते हैं। संयुक्त राष्ट्र की मानें तो अगले तीन दशक में पानी का उपभोग यदि एक फीसदी की दर से भी बढ़ेगा, तो दुनिया को बड़े जल संकट से जूझना पड़ेगा। यह जगजाहिर है कि जल का हमारे जीवन पर प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से प्रभाव पड़ता है। यह भी कि जल संकट से एक ओर कृषि उत्पादकता प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी ओर जैव विविधता, खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ता जा रहा है।

> *वर्ल्ड वाटर रिसोर्स इंस्टीट्यूट की मानें तो देश को हर साल करीब तीन हजार बिलियन क्यूबिक मीटर पानी की ज़रूरत होती है। जबकि बारिश से भारत को अकेले 4000 क्यूबिक मीटर पानी मिलता है। दुर्भाग्य है कि भारत सिर्फ आठ फीसदी बारिश के जल का ही संचयन कर पाता है। यदि बारिश के पानी का पूर्णतया संचयन कर दिया जाए तो काफी हद तक जल संकट का समाधान हो सकता है। फिर तेजी से घटती जल उपलब्धता भी एक अहम वजह है।*

विश्व बैंक का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते पैदा हो रहे जल संकट से 2050 तक वैश्विक जी डी पी को छह फीसद का नुकसान उठाना पड़ेगा। आखिरकार इस वैश्विक समस्या के लिए जिम्मेदार कौन है? जाहिर है इसके पीछे वह मानवीय गतिविधियां जिम्मेदार हैं जिसमें कहीं न कहीं उसके लोभ, स्वार्थ और भौतिकवादी जीवनशैली का अहम योगदान है जिसके चंगुल में वह आकंठ डूब चुका है। वैश्विक स्तर पर देखें तो पाते हैं कि दुनिया में दो अरब लोगों को यानी 26 फीसदी आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है। पूरी दुनिया में 43.6 करोड़ और भारत में 13.38 करोड़ बच्चों के पास हर दिन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। यूनिसेफ की रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते हालात और खराब होने की आशंका है। दुनिया में हर तीन में से एक बच्चा यानी 73.9 करोड़ बच्चे पानी की कमी वाले इलाकों में रह रहे हैं।



इसके अलावा पानी की घटती उपलब्धता, अपर्याप्त पेयजल और स्वच्छता की कमी का बोझ चुनौतियों को और बढा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक पर्याप्त पानी न मिलने से उप सहारा अफ्रीका, मध्य और दक्षिण एशिया और पूर्वी और दक्षिण पूर्वी एशिया में निम्न और मध्यम आय वाले देश हैं जहां के रहने-बसने वाले लोगों का जीवन, स्वास्थ्य और कल्याण खतरे में पड़ गया है।

दुनिया में वह शीर्ष 10 देश जहां के बच्चे पर्याप्त पानी से महरूम हैं, उसमें भारत शीर्ष पर है जिसके 13.38 फीसदी बच्चे पर्याप्त पानी से महरूम हैं। उसके बाद नाइजीरिया के 2.65 फीसदी, पाकिस्तान के 2.42 फीसदी, इथियोपिया 2.32 फीसदी, चीन 2.03 फीसदी, नाइजर 1.43 फीसदी, तंजानिया 1.39 फीसदी, यमन 1.27 फीसदी, सूडान 1.22 फीसदी और केन्या का नम्बर आता है जहां के 1.06 फीसदी बच्चे पर्याप्त पानी से महरूम हैं। जल संकट के लिए दुनिया में अति संवेदनशील माने जाने वाले 37 देशों की सूची में भारत भी शामिल हैं। यह सबसे चिंतनीय है। यूनीसेफ की रिपोर्ट यह भी कहती हैं कि 2050 तक भारत में मौजूद जल का 40 फीसदी हिस्सा खत्म हो चुका होगा। और सबसे अहम बात यह कि दुनिया की 3.6 अरब आबादी यानी 46 फीसदी आबादी के पास सुरक्षित स्वच्छता व्यवस्था तक नहीं है। इससे उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। एशिया की 80 फीसदी आबादी खासकर पूर्वोत्तर चीन, पाकिस्तान और भारत इस संकट का भीषण सामना कर रहे हैं। आशंका है कि भारत इसमें सर्वाधिक प्रभावित देश होगा। संयुक्त राष्ट्र ने भी इसकी पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार उक्त आंकड़ा 2030 तक दुनिया के सभी लोगों को शुद्ध पेयजल और स्वच्छता की उपलब्धता के लक्ष्य से काफी दूर है। उसके अनुसार शुद्ध पेयजल से जूझने वाली वैश्विक शहरी आबादी 2016 के 93.3 करोड़ से बढ़कर 2050 में 1.7 से 2.4 अरब होने की आशंका है। अगर शीघ्र इसका समाधान नहीं किया गया तो निश्चित तौर पर वैश्विक संकट और भयावह होगा। बीते 40 वर्षों में समूची दुनिया में जल का उपयोग प्रतिवर्ष एक फीसदी बढ़ा है।

दुनिया में जनसंख्या बढ़ने और सामाजिक-आर्थिक बदलावों के बीच 2050 तक इसके इसी दर से बढ़ने के आसार हैं। यह स्थिति तब है जबकि दुनिया में 70 फीसदी जल कृषि कार्य में इस्तेमाल हो रहा है। इस बाबत यूनेस्को की महानिदेशक आंद्रे एंजोले की मानें तो यह वैश्विक संकट नियंत्रण से बाहर होने से पहले मजबूत अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था तत्काल स्थापित होने की बेहद जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने भी कहा है कि इसकी हर संभव रक्षा होनी चाहिए और इसकी हर व्यक्ति तक पहुंच आसान होनी चाहिए। पेयजल संकट की गंभीरता की ओर ग्लोबल कमीशन आन इकोनामिक्स आफ वाटर की रिपोर्ट संकेत करती हुई कहती है कि 2070 तक 70 करोड़ लोग जल आपदाओं के कारण विस्थापित होने को विवश होंगे। गौरतलब है कि जल आपदाओं यथा सूखा, बाढ़, तूफान, अत्याधिक तापमान ने पिछले 50 सालों में दुनिया में लगभग 20 लाख लोगों की मौत हुई है। आने वाले दिनों में स्थिति और खराब होगी। क्योंकि पानी से संबंधित जानलेवा बीमारियों का समूची दुनिया में खतरा लगातार बढ़ रहा है। आंकड़ों के मुताबिक दुनिया में दो अरब लोग दूषित पानी का सेवन करने को विवश हैं और हर साल जलजनित बीमारियों से लगभग 14 लाख लोग बेमौत मर जाते हैं। दुनिया में बहुतेरे विकसित देशों में लोग नल से सीधे ही साफ पानी पीने में सक्षम हैं। लेकिन हमारे देश में आजादी के 77 साल बाद भी ऐसा मुमकिन नहीं है कि लोग सीधे नल से साफ पानी पी सकें। सर्वे में 44 फीसदी का कहना है कि नल के पानी को साफ कर पीना होता है। 32 फीसदी ने उसे औसत की संज्ञा दी है जबकि 10 फीसदी ने उसे खराब करार दिया। 15 फीसदी ने नल के पानी को पीने लायक बताया। 44 फीसदी पानी को साफ करने के लिए आर ओ का इस्तेमाल करते हैं। 28 फीसदी पानी साफ करने के लिए वाटर प्यूरीफायर तो 11 फीसदी पानी साफ करने के लिए उसे पहले उबालते हैं तब उसे पीते हैं। केन्द्र और राज्य सरकारें घरों में नल के माध्यम से पीने योग्य पानी की आपूर्ति का दावा करती हैं। लेकिन हकीकत यह है कि आज भी 5 फीसदी लोग बोतलबंद पानी खरीद रहे हैं। जबकि जल जीवन मिशन ने 2024 तक हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। यह मिशन और स्थानीय निकाय के जलदाय विभाग की नाकामी है जिसके चलते हर महानगर, शहर -कस्बे में छोटे-छोटे सैकड़ों वाटर वोटलिंग प्लांट चल रहे हैं जो घर-घर 20-20 रुपए में पानी की बोतल पहुंचाकर लोगों की प्यास बुझा रहे हैं।

दरअसल जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना देश के ग्रामीण इलाकों में साफ पानी पहुंचाने की एक अच्छी पहल है, जो प्रधानमंत्री मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजना है लेकिन यह योजना भी भ्रष्टाचार, सरकारी कर्मचारियों की कछुआ चाल और नाकारेपन की भेंट चढ़ गई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ये दुनिया है पेट वालों की...!



**मुकेश राठौड़**
व्यंग्यकार

कहने वाले भले कहते रहे कि दुनिया दिलवालों की है लेकिन देखा जाए तो दुनिया पेट वालों की है। दिल वाले तो बेचारे दिल लगने-टूटने के भय मात्र से डरे-सहमे रहते हैं, मगर पेट वालों को टूटने-फूटने का जरा भी डर नहीं। आदमी के हाथ-पैर और भी दीगर अंग टूटते देखे होंगे लेकिन किसी का पेट टूटते देखा हो तो बताना। दिल टूट सकता है क्योंकि वह अस्थि पिंजर में बंद होता है। पेट के साथ ऐसा नहीं है, सो उसके टूटने के चांसेज भी कम होते हैं,बल्कि फूटने की आशंका भी नहीं। पेट की खासियत है कि वह फूटने के बरक्स फैलता है।

कई बार पेट का फैलाना,आदमी के फैलने का संकेत होता है। दिल बड़ा हो या बच्चा दिखता नहीं,पेट सबको दिख जाता है। कई बार तो पेट ही दिखाई पड़ता है गोया आदमी नहीं पेट खड़ा हों,पेट बैठा हों। दिल मुट्ठी भर होता है जबकि पेट 'पस' भर। आदमी दिल से भले रो लें,दिल के लिए नहीं रोता है। हां,पेट के लिए जरूर रोता है। पैदा होने से मरने तक रोता ही रहता है। आदमी का दिल प्यार-मोहब्बत,खुशी और गम जैसी काल्पनिक चीजें भरने का कमरा है जबकि पेट दाल-रोटी,चिकन-बोटी से लेकर रेत,मिट्टी,कोयला,गिट्टी...माने "अगड़म-बगड़म समर्पयामी" सब कुछ भरने के लिए गोडाउन का काम करता है।

दुनिया के सारे खटकरम सिरीफ पेट के लिए हो रहे हैं। सोचों पेट न हो तो आदमी काम ही क्यों करता,बारहों मास आराम न करता। सारे छल कपट,झूठ बेइमानी की वजह पेट है। पेट को पापी कहा गया है। सच तो यह है कि "आदमी भूख से परेशान होकर नहीं बल्कि उत्तम भोजन की इच्छा में इधर से उधर भागता फिरता है।" भूखा जीव भागता नहीं,मौके पर जो मिला खाकर भूख मिटा लेता हैं। आज का युवा दिल,दिमाग,कान वगैरह तो मोबाइल चलाकर भर लेता है लेकिन पेट भरने के लिए मोबाइल किसी काम का नहीं। ये बात और है कि कोई मोबिलाइजर की नौकरी करता है।

यदि आप कोई भी बात को दिल या दिमाग से लेते हैं पेट से नहीं तो मानकर चलिए आपके दोस्त कम ही बनेंगे, क्योंकि दिलोदिमाग सबके पास हो जरूरी नहीं, पेट सबके पास होता है बल्कि हमेशा क्रियाशील अवस्था में रहता है। यही वजह है कि कई बार दिमाग की बात कहते-सुनते बात पेट पर आकर ठहर जाती है। जमाने भर के खेल-तमाशे,नाच गाने,कथा सत्संग दिमाग से दिल और दिल से पेट में उतर जाते हैं। लोगों को देखकर लगता है जैसे लोग पेट से देखते-बोलते हैं। घर-बाहर पेट वालों के अनेकों दोस्त होते हैं। यदि आप खाते-पीते हैं तो लोग स्वतःआपके दोस्त बनते चले जायेंगे। यदि आप कुछ भी नहीं लेते तो आप अकेले रह जायेंगे। कोई आपके साथ आना नहीं चाहेगा। कोई सोच-समझकर या गलती से साथ आ भी गया तो उसे साथी समझने की भूल कदापि न कीजिएगा सिरीमान... दरअसल वह तो इसलिए आया है कि कोई उसे खाने वाला न समझे।


## नॉलेज कॉर्नर: बेहद रोचक रहा पंखे और एसी का सफर

# हवा खाने के लिए पत्तों से शुरू हुआ सफर

मई महीने में गर्मी अपने तेवर दिख रही है। आमजन इस गर्मी से बचने के लिए हवा का रूख करता है। इसके लिए कोई एसी तो कोई पंखें का सहारा लेता है। आजकल ज्यादातर लोग ठंडी हवा के लिए एसी इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, इसके बावजूद देश का एक बड़ा हिस्सा पंखे के सहारे गर्मी से निजात पाता है। बिजली से चलने वाले पंखों से सदियों पहले पेड़ के पत्तों से पंखे बनाए जाते थे। करीब 4 हजार ईसा पूर्व इनका जिक्र आता है। ये पंखे बड़े पत्ते से बनते थे और इनका उपयोग राजा महाराजाओं के लिए सेवकों द्वारा किया जाता था। इसका पहला उदाहरण मिस्र में देखने को मिलता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में है इसी पंखें के बारे में जानकारी।

### स्काट्स व्हीलर ने बनाया पहला पंखा

अधिकतर लोगों का मानना है कि इंसानों द्वारा हाथ से चलाए जाने वाले पंखे का अविष्कार चीन में हुआ था। फिर हमारे देश में भी हाथ से चलाए जाने वाले पंखे का अविष्कार हुआ। साल 1886 में शूयलर स्काट्स व्हीलर (Schuyler Wheeler) ने पंखे को घूमाने के लिए बिजली का इस्तेमाल किया। ये पंखे टेबल फैन (ऊोवता झेल) की तरह होते थे और इनमें दो ब्लेड हुआ करते थे। इनमें जाली भी नहीं होती थी। फिर साल 1896 में सीलिंग फैन (Ceiling Fan) यानी छत में लगने वाले पंखे अस्तित्व में आए। इसे फिलिम एच डाइहली (Philip Diehl) ने पेटेंट करवाया था। लेकिन, ये हल्की हवा देते थे। बाद में साल 1902 में पंखे बनाने वाली कंपनियां बाजार में आईं। इसी समय से आम घरों में इस्तेमाल के लिए पंखे बनाए जाने लगे। लेकिन, ये आसानी से उपलब्ध नहीं होते थे। फिर करीब 8 साल बाद कंपनियों की प्रतिस्पर्धा के बीच घरों में आसानी से पंखे पहुंचने शुरू हो गए।



### पहले रहते थे गुफाओं में

पाषाण युग के लोग गुफाओं में रहते थे। ये गुफाएं सुरक्षित रहने के साथ-साथ गर्मियों के दिन में ठंडी भी रहती थीं। साथ ही इस युग में लोग बिल और सुरंग भी खोदने लगे थे। आज भी आधुनिक डिजाइनों में कूलिंग के लिए जियोथर्मल तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। मिस्र में लोगों द्वारा पहला वाटर-कूल्ड एयर कंडीशनिंग सिस्टम बनाया गया था। पानी में भीगे सरकंडों को खिड़कियों पर लटका दिया जाता था, जिससे उनमें से बहने वाली हवा काफी ठंडी होती थी और घर के अंदर का तापमान नियंत्रित रहता था। इसी तरह विक्टोरियन होम्स को इस तरह डिजाइन किया जाता था कि एयर का फ्लो ज्यादा रहे। भारत का हवा महल भी इसी का उदाहरण है।

**1930 में आया सीलिंग फैन**

*इंडियन इलेक्ट्रिक वर्क्स (Indian Electric Works) ने 1930 तक भारत में पहले सीलिंग फैन का निर्माण किया था। भारत के ग्रीव्स कॉटन और इंग्लैंड के क्रॉम्पटन पार्किंसन के बीच का एक जॉइंट वेंचर क्रॉम्पटन ग्रीव्स 1937 से सीलिंग फैन का निर्माण कर रहा था।*

कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर

## X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
वो 10 साल से 'टेम्पो वाले अरबपतियों' से मिले 'नोटों की गिनती' कर रहे हैं, हम 'जातिगत गिनती' से देश का X-Ray कर, हर वर्ग की न्यायपूर्ण हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
जो पहले भ्रष्टाचार का विरोध कर रहे थे वो आज खुद भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए है...



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
जब हम '400 पार' की बात करते हैं तो कांग्रेस और इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगता है...

## लोकसभा चुनाव 2024: पीएम मोदी कल वाराणसी लोकसभा सीट से दाखिल करेंगे पर्चा

# PM नामांकन में शामिल होंगे 12 CM और 20 मंत्री, मेगा रोड शो आज

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लोकसभा चुनाव के 7वें और आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होगा। पीएम मोदी वाराणसी से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वे 14 मई को वाराणसी लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल करेंगे। भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन को बड़ा कार्यक्रम बनाने की तैयारी में जुट गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी के नामांकन में एकजुटता दिखाने के लिए 12



मुख्यमंत्री, 20 केंद्रीय मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद और विधायक शामिल होंगे। साथ ही एनडीए गठबंधन के सभी दलों के नेता भी शामिल होंगे। पीएम मोदी पर्चा भरने से एक दिन पहले सोमवार को वाराणसी में मेगा रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री का करीब 6 किमी लंबा रोड शो बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से शाम 4 बजे शुरू होगा और काशी विश्वनाथ मंदिर तक पहुंचकर खत्म होगा। इस दौरान वाराणसी के लोग उनका स्वागत करेंगे। पीएम मोदी का रोड शो लंका चौराहे से सोनारपुरा, गोदौलिया, बांसफाटक से गुजरते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर तक पहुंचेगा।

### 18 प्रस्तावकों की सूची तैयार

पीएम मोदी के नामांकन को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। बताया गया है कि करीब 50 लोगों ने पीएम मोदी का प्रस्तावक बनने की इच्छा जताई थी, जिनमें से 18 लोगों को चुना गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय को इन नामों की सूची भेज दी गई है। भाजपा के सूत्रों के मुताबिक प्रस्तावकों की सूची में शास्त्री गायिका पद्मश्री सोमा घोष, शास्त्रीय गायक पंडित राजेश्वर आचार्य, पद्म पुरस्कार विजेता किसान चंद्रशेखर, विश्वनाथ प्रसाद सिंह उर्फ पप्पू चाय वाले, लंका स्थित पान की दुकान के मालिक केशव चौरसिया, नाविक समाज से जुड़े कुछ लोग और कुछ अन्य शामिल किए गए हैं।

### शाह और योगी पहुंचे वाराणसी

पीएम मोदी के रोड शो को भव्य बनाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंच चुके हैं। दोनों नेता पीएम मोदी के रोड शो और नामांकन के लिए तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी इस बार 20 घंटे से अधिक समय तक वाराणसी में रहेंगे।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में करेंगे विशेष पूजा अर्चना

पीएम मोदी मंगलवार को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन से पहले पीएम मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष पूजन करेंगे। इसके बाद वह काल भैरव मंदिर जाएंगे और विशेष पूजा-अर्चना करेंगे।

### रोड शो के लिए दिया निमंत्रण

पीएम मोदी के रोड शो के लिए भाजपा ने 10 लाख लोगों को जुटाने को लक्ष्य रखा है। इसके लिए काशी की पूरी जनता को खुला निमंत्रण दिया गया है। यह पहली बार है जब पीएम मोदी के रोड शो के लिए वाराणसी के आम लोगों को न्योता दिया गया है।

## चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था... मोदी आज करेंगे तीन रैलियां

# पटना में पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी | पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के बीच पटना में रविवार को रोड शो किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी पीएम के साथ रथ में सवार हुए। पहली बार किसी पीएम का पटना में रोड शो हुआ है। प्रधानमंत्री का रोड शो भट्टाचार्य मोड़ से शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ और एसपी वर्मा मार्ग, एग्जीबिशन रोड, भट्टाचार्य रोड, पीर मोहानी बुद्ध मूर्ति, कदमकुआं, बारी पथ और बाकरगंज होते हुए गांधी मैदान के पास उद्योग भवन तक समाप्त हुआ। पहले इसकी शुरुआत डाकबंगला से होनी थी, मगर आखिरी घंटों में सुरक्षा कारणों से रूट में बदलाव किया गया। यह रोड शो करीब दो किमी लंबा रहा। रोड शो के रूट पर पीएम मोदी को



देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। इस दौरान गंगा आरती और मंत्रोच्चार भी किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम नीतीश के साथ गाड़ी पर सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। पटना में जगह-जगह प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मंच लगाए गए। रोड शो के दौरान पीएम मोदी पर फूलों की बरसात होती रही। राम मंदिर और गुरुद्वारा की अलग-अलग झांकियां सजाई गईं। बीजेपी नेताओं का दावा है कि पीएम मोदी का पटना रोड शो ऐतिहासिक रहा। सुरक्षा कारणों से पटना के कई रूट दोपहर बाद बंद कर दिए गए हैं। एसपीजी और बिहार पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे।

### मुस्लिम महिलाओं ने किया स्वागत

पीएम मोदी के रोड शो में हर धर्म जाति समुदाय के लोग के लोग शामिल होने पहुंचे। मुस्लिम महिलाएं भी काफी संख्या में मोदी के रोड शो में पहुंचीं। सैकड़ों बुर्काधारी मुस्लिम महिलाएं यहां शाम से ही पीएम मोदी का इंतजार कर रहीं थीं। प्रधानमंत्री के काफिले के आते ही मुस्लिम महिलाओं ने फूलों से उनका स्वागत किया। मोदी को देखने व उनके काफिले के साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई। पीएम ने भी सभी की भावनाओं का ध्यान रखते हुए अपने काफिले की गति को काफी कम करवा दिया व हाथ हिलाकर उन सबका अभिवादन भी किया।



### कुतुबपुर में पीएम की चुनावी सभा आज

प्रधानमंत्री पटना में रोड शो के अगले दिन सोमवार को वैशाली के हाजीपुर के कुतुबपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की गई है। सुरक्षा की तैयारी का जायजा लेने के लिए दिल्ली और पटना से अधिकारी पहुंचे। जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा के दृष्टिकोण से तमाम तैयारियां की गई हैं। पांच डॉग स्क्वायड की टीम के साथ ही मेटल डिटेक्टर उपकरण से लैस सुरक्षाकर्मी सभास्थल के आसपास जांच में जुटे हुए हैं। पूर्व से कई सुरक्षाबलों के जवान पंडाल की सुरक्षा में लगे हैं। चारों तरफ 120 सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। पेड़ों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। अर्धसैनिक बलों की टुकड़ी तैनात की गई है।

# संदेशखाली पर झूठ फैलाने के बजाय मोदी को बदलना चाहिए राज्यपाल: ममता बनर्जी



एजेंसी | कोलकाता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संदेशखाली मुद्दे पर झूठ फैलाने के बजाय पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बदल देना चाहिए।

रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पार्थ भौमिक के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री संदेशखाली मुद्दे पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री का प्रतिनिधि कोलकाता के राजभवन में है। महिलाएं वहां जाने से डरती हैं। राज्यपाल के कुछ कार्यों के संबंध में आई खबरों के कारण मैं भी राजभवन में प्रवेश नहीं कर सकती। मैं संवैधानिक संकट का सामना कर रही हूं, इसलिए प्रधानमंत्री को राज्यपाल सीवी आनंद बोस को बदल देना चाहिए।

### गारंटी है कि टीएमसी को सिखाया जाएगा सबक: PM मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि टीएमसी को सबक सिखाया जाएगा और बंगाल के लोगों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम ने तृणमूल कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के गुंडे दोषियों को बचाने के लिए संदेशखाली की प्रताड़ित महिलाओं को धमकी दे रहे हैं। राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को देशभर में अपने शहजादे की उम्र से भी कम सीट मिलेगी। मालूम हो कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 53 साल के हैं। बैरकपुर की रैली में उन्होंने कहा, 'हम सभी ने देखा है कि टीएमसी ने संदेशखाली की बहनों और माताओं के साथ क्या किया। टीएमसी के गुंडे अब संदेशखाली में महिलाओं को धमकी दे रहे हैं, क्योंकि मुख्य अपराधी का नाम शाहजहां शेख है। टीएमसी संदेशखाली के दोषियों को कानूनी कार्रवाई से बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

### BJP नेताओं के खिलाफ EC पहुंची TMC

टीएमसी ने ईसीआई में शिकायत दर्ज कर एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा और पियाली दास सहित भाजपा नेताओं के खिलाफ संदेशखाली की निर्दोष महिलाओं पर जालसाजी धोखाधड़ी धमकी और आपराधिक साजिश के गंभीर अपराध करने के लिए आपराधिक कार्रवाई की मांग की है। TMC ने यह कदम चौथे चरण के मतदान से ठीक एक दिन पहले ली है।

## सीएम केजरीवाल ने दिल्ली में किया रोड शो...कहा

# 25 मई को वोट दिया तो नहीं जाऊंगा जेल

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली संसदीय सीट के मोती नगर में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सभी ने मेरे लिए प्रार्थना की और आज मैं आपके बीच खड़ा हूं। अब ये लोग कह रहे हैं कि 20 दिन बाद मुझे फिर जेल जाना पड़ेगा। अब अगर आप लोग चाहते हो कि ऐसा ना हो, तो 25 मई को आप को वोट दे देना। आपने झाड़ू पर बटन दबाया तो मुझे दोबारा जेल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केजरीवाल ने



नई दिल्ली से उम्मीदवार सोमनाथ भारती के समर्थन में रोड शो किया। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी वाले कहते हैं कि 400 सीट दे दो। ये लोग क्या करेंगे 400 सीटों का? असल में इनका मक़सद देश से आरक्षण, संविधान और चुनाव खत्म करना है। ये लोग भारत में रूस और उत्तर कोरिया की तरह तानाशाही लाना चाहते हैं, जहां चुनाव ही नहीं होते। केवल एक ही व्यक्ति तानाशाही चलाता है।

### दिल्ली की जनता देगी करारा जवाब

सीएम केजरीवाल ने रोड शो में कहा कि अगर लोग 25 मई को आप को चुनते हैं, तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने मुझे जेल भेजा, क्योंकि मैंने आपके लिए काम किया। भाजपा नहीं चाहती कि दिल्ली के लोगों का काम हो। अगर बीजेपी जीती तो वह आपको मिलनेवाली सभी सुविधाएं खत्म कर देगी। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में जहां भी जा रहा हूं, लोग खूब प्यार दे रहे हैं।

## ऑनलाइन कोर्स से अमेरिका में कमाया नाम... संपत्ति 5,705 करोड़ रुपए

# चंद्रशेखर अमीर राजनीतिक नेताओं में शामिल

एजेंसी | गुंटूर

आंध्र प्रदेश की गुंटूर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे टीडीपी नेता डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर देश के सबसे अमीर राजनीतिक नेताओं में शुमार हो गए हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार डॉ. चंद्रशेखर के चुनावी हलफनामे के मुताबिक उनकी पारिवारिक संपत्ति का मूल्य 5,705 करोड़ रुपए है। हालांकि उनके परिवार पर 1,038 करोड़ रुपए की देनदारी है। अमेरिका में कारोबार करने वाले चंद्रशेखर की



संपत्ति अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है, लेकिन निजी संपत्ति के मामले में वो अन्य नेताओं से बहुत पीछे हैं। अमेरिका में विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाने वाले पेम्मासानी चंद्रशेखर दो दशक से भी कम समय पहले चिकित्सा शिक्षा में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने वहां चिकित्सा पेशे से संबंधित एक ऑनलाइन ट्रेनिंग कोर्स के साथ व्यवसाय शुरू किया और इसमें सफल हुए। इसके बाद उन्होंने यू वर्ल्ड नामक एक कंपनी की स्थापना की, जो चिकित्सा शिक्षा, नर्सिंग, हाई स्कूल, स्नातक, लेखा, वित्त, कानूनी और फार्मेसी के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती है।

### परिवार में किसके पास कितनी संपत्ति

चंद्रशेखर के नाम पर 2,316 करोड़ रुपए, उनकी पत्नी श्रीरत्ना के नाम पर 2,289 करोड़ रुपए और बच्चों के नाम पर 992 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। परिवार के पास बेंज, टेस्ला, रोल्स रॉयस, टोयोटा फॉर्च्यूनर कारें भी हैं। बेटे अभिनव के नाम पर 495.50 करोड़ रुपए की संपत्ति है। बेटी सहस्र के नाम पर 495.50 करोड़ रुपये की संपत्ति हैं। परिवार के सदस्यों पर कुल 1,038 करोड़ रुपए का कर्ज है।

## शिवसेना यूबीटी प्रमुख का सियासी प्रहार

# 'लोकतंत्र का हो रहा चीरहरण... चुनाव महाभारत की तरह': उद्धव ठाकरे

एजेंसी | मुंबई

शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा है कि उन्होंने देश में आजादी बचाने की लड़ाई शुरू की है और ये चुनाव महाभारत की तरह हैं।

शिवसेना यूबीटी के मुखपत्र सामना को दिए इंटरव्यू में ठाकरे ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को महाराष्ट्र से अब तक बहुत प्यार मिला है और वह देखेंगे कि महाराष्ट्र किस तरह गालियां देता है। ठाकरे ने दावा किया है कि भगवा लहर है और जल्द ही राज्य में बदलाव दिखेगा। ठाकरे ने दावा किया है कि यह चुनाव महाभारत जैसा है। उन्होंने कहा कि महाभारत



में द्रौपदी का चीरहरण हुआ था और अब लोकतंत्र का चीरहरण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि वह आजादी की लड़ाई के दौरान नहीं थे और संघर्ष के बाद जो आजादी मिली है, उसे बचाना होगा। ठाकरे ने आरोप लगाया कि पूरा सिस्टम सड़ चुका है और उन्हें मोदी नहीं, बल्कि भारत सरकार चाहिए।

### मोदी नहीं, भारत सरकार चाहिए

ठाकरे ने कहा कि पूरा सिस्टम सड़ चुका है। उन्होंने कहा कि शिवसेना टूट गई है और दो गुटों में झगड़ा पैदा हो गया है। इसी तरह एनसीपी भी टूट गई, लेकिन उन्होंने कहा कि लड़ाई में अंतिम विजेता वही होंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्हें मोदी सरकार नहीं बल्कि भारत सरकार चाहिए। मोदी पूरे राज्य का दौरा कर रहे हैं और वह गलियों में रोड शो कर सकते हैं, लेकिन उन्हें महाराष्ट्र के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मोदी शासन को गजनी सरकार की संज्ञा दी और कहा कि 2014 में जो वादा किया गया था वह 2019 में भूल गई और 2019 में जो वादा किया गया था वह अब भूल गई है। उन्होंने कहा कि लोगों को दो बार मूर्ख बनाया गया है। कोई कुछ लोगों को कुछ समय के लिए मूर्ख बना सकता है, लेकिन सभी लोगों को हर समय नहीं। उन्होंने कहा कि लोग अब जाग गए हैं। सबको घर मिलेगा जैसी बातें और पीएम किसान सम्मान योजना झूठ का पुलिंदा है।

### सुप्रीम कोर्ट में मिलेगा न्याय

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सेना के हाथों शिवसेना (यूबीटी) ने अपना चुनाव चिह्न-धनुष और बाण भी खो दिया था। इस पर ठाकरे ने कहा कि शिंदे के नेतृत्व वाले विधायकों द्वारा पार्टी छोड़ने के लिए अयोग्यता के मामले पर अब भी सुनवाई नहीं हो रही है। कोर्ट इस बारे में बार-बार बता चुका है। उन्होंने पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पर भी कड़ा प्रहार किया और बताया कि पूरे मामले में उनकी भूमिका कैसे गलत थी। उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि




आखिरकार उन्हें सुप्रीम कोर्ट में न्याय मिलेगा। जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आना बाकी है तब भी पीएम नरेंद्र मोदी ने हमें नकली शिवसेना कहा है और इससे पता चलता है कि चुनाव आयोग उनका नौकर है। मैं सोच रहा हूं कि क्या पीएम सुप्रीम कोर्ट पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाने का प्रयास करेंगे ताकि हमें आधिकारिक शिवसेना का प्रतीक और दर्जा न मिल सके।

# थल सेनाध्यक्ष ने जवानों की हौसला अफजाई की

एजेंसी | जम्मू

थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने रविवार को कहा है कि सेना की उत्तरी कमान के अधिकारी व जवान उच्च मनोबल के साथ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सभी चुनौतियों को खत्म करने के लिए अपने अभियान जारी रखें। जनरल पांडे इस माह की 31 तारीख को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और वह लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के दो दिन के दौरे पर पहुंचे थे। रविवार सुबह उन्होंने उत्तरी कमान मुख्यालय ऊधमपुर का दौरा किया। उन्होंने लद्दाख ही नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर का भी दौरा किया और सुरक्षा हालात जांचे। उन्होंने सेना की उत्तरी कमान के अधिकारियों व जवानों के साथ वायुसेना, आइटीबीपी और सीमा सड़क संगठन के कर्मियों से मुलाकात कर दुर्गम क्षेत्र में देश सेवा के उनके जज्बे की सराहना की।





## उधमपुर के कमांड अस्पताल का किया दौरा

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे ने ऊधमपुर स्थित उत्तरी कमान अस्पताल का दौरा किया। यहां उन्होंने मरीजों और पैरामेडिकल स्टाफ से बातचीत की। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाएं जांचीं। थल सेना प्रमुख ने गत 10 अप्रैल को ही इस अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का आनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया था। उन्होंने कमान अस्पताल में भर्ती सैन्यकर्मियों से बातचीत कर उनका हाल भी जाना। इस दौरान सेना प्रमुख ने अस्पताल में इलाज करवा रहे मरीजों और पैरामेडिक्स के साथ बातचीत की।



## लद्दाख के अग्रिम इलाकों का किया दौरा

थल सेना अध्यक्ष ने शनिवार को लद्दाख के अग्रिम इलाकों का दौरा किया था और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा व्यवस्था जांची थी। उन्होंने वायुसेना, आइटीबीपी के साथ बीआरओ कर्मियों से भी बातचीत की थी। उन्होंने लद्दाख के उच्च पर्वतीय इलाके में सेना के बख्तरबंद लड़ाकू आर्मर्ड फाइटिंग व्हीकल (एएफवी) के रखरखाव के लिए स्थापित वर्कशाप का दौरा भी किया। सेना के एएफवी ऊबड़-खाबड़ इलाकों और शून्य से 40 डिग्री नीचे तापमान वाले चुनौतीपूर्ण मौसम में दुश्मन का सामना कर सकते हैं। सेना की वर्कशाप उन्हें युद्ध जैसे हालात का सामना करने के लिए हरदम तैयार रखती है।



### जरूरी खबर

## विस्फोट में तीन बच्चे समेत चार की मौत



**पलामू।** जिले के मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा में कबाड़ी काटने के दौरान हुए विस्फोट में तीन बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई है, वहीं इस हादसे में दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनको अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

पलामू एसपी ने बताया कि मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा में छोटू नामक व्यक्ति कबाड़ी अपनी दुकान में एक स्क्रैप को काट रहा था। इसी दौरान विस्फोट हो गया। इस धमाके में छोटू खान समेत तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एसपी ने कहा कि फॉरेंसिक टीम की जांच से पता चल पाएगा कि विस्फोट की वजह क्या है।

### लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की 96 सीटों पर वोटिंग आज

# कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत का फैसला आज

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में आंध प्रदेश और ओडिशा विधानसभा के चुनावों के लिए वोटिंग भी होगी। कई क्षेत्रों में वोटिंग सामग्री और मतदान कराने वाली टीमों को हवाई मार्ग से भेजा गया है। मतदान सोमवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। तेलंगाना में 17 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ विधानसभा सीटों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय शाम 7 बजे तक बढ़ाया गया है। चुनाव आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, 10 राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 96 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 17.7 करोड़ मतदाता हैं। ये 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर वोट डालकर 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का निर्णय कर सकेंगे। इनमें 8.97 करोड़ पुरुष और 8.73 करोड़ महिला मतदाता हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान होगा। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की 8-8, बिहार की 5, ओडिशा और झारखंड की 4-4 और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर 1 सीट पर वोट डाले जाएंगे।




### श्रीनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला

इस चरण में जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर लोकसभा सीट पर वोटिंग होगी। यहां त्रिकोणीय मुकाबला बताया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस की तरफ से आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की ओर से वहीद पारा मैदान में हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर एनडीए उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

### चुनाव मैदान में ये दिग्गज

इस चरण के चुनाव में मोदी सरकार के 5 बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, 2 क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। वहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन किया है। तेलंगाना के हैदराबाद से भाजपा की माधवी लता, बिहार के बेगुसराय से गिरिराज सिंह, उजियारपुर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, हैदराबाद से AIMIM के असदुद्दीन औवेसी, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, झारखंड के खूंटी से अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई दिग्गजों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट



एजेंसी | चमोली

केदारनाथ के बाद अब उत्तराखंड में बद्रीनाथ धाम के भी कपाट खुल गए हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के मौके पर पहले ही दिन विशेष पूजा अर्चना की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने के शुभ अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दी। करीब 15 क्विंटल फूलों से मंदिर की भव्य सजावट की गई। बद्रीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान हल्की बारिश के बीच सेना के बैंड की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु भगवान बद्री विशाल के जयकारे लगाते हुए नजर आए। कपाट खुलने के मौके पर अखंड ज्योति के दर्शन करने को लेकर तीर्थ यात्रियों में भारी उत्साह देखा गया। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके लिए मंगलमय की कामना की। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के लिए बद्रीनाथ के दर्शन शुरू हो गए है। कपाट खुलने पर बद्रीनाथ धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम की हुई। पहले दिन 20 हजार से अधिक भक्तों ने पूजा-अर्चना की। विश्व प्रसिद्ध द्रीनाथ धाम के कपाट छह माह के अंतराल के बाद खुले हैं। पिछले साल 18 नवंबर से शीतकाल के लिए बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद कर दिए गए थे। इसके साथ ही उत्तराखंड के चार धामों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं। पहले तीन धाम केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खोले जा चुके हैं।

### संवाददाता सम्मेलन में बोले शशि थरूर...

# रिजल्ट के बाद मोदी नहीं रहेंगे PM, सितंबर-25 तक इंतजार की जरूरत नहीं

एजेंसी | मुंबई

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि देश को सितंबर 2025 तक इंतजार करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद सत्ता में नहीं रहेंगे। थरूर का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल ने एक दिन पहले कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं। केजरीवाल ने दावा किया था कि सितंबर 2025 में मोदी के 75 वर्ष के होने पर सेवानिवृत्त होने के बाद अमित शाह उनके (मोदी के) उत्तराधिकारी होंगे। थरूर ने केजरीवाल की टिप्पणी से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र में जून में नई सरकार सत्ता में आएगी। सितंबर 2025 तक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान आरोप लगाया कि मोदी ने सार्वजनिक विमर्श का स्तर गिरा दिया है और वह जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं वह देश के लिए अच्छी नहीं है।

थरूर ने पीएम मोदी की पवार और उद्धव ठाकरे से की गई अपील को "निरर्थक" बताया, जिसमें उन्होंने अजित पवार और एकनाथ शिंदे से हाथ मिलाने के लिए कहा। कांग्रेस नेता ने यह विश्वास भी जताया कि जो पार्टियां अब तक विपक्षी गठबंधन में शामिल नहीं हुई हैं, वे लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद ऐसा करेंगी।



### राम पर BJP का 'कॉपीराइट' नहीं

इस साल की शुरुआत में अयोध्या स्थित भगवान राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण अस्वीकार करने के कांग्रेस के फैसले को उचित ठहराते हुए कहा कि भगवान राम पर भाजपा का 'कॉपीराइट' नहीं है। थरूर ने कहा कि मैं मंदिर पूजा करने के लिए जाता हूं, राजनीति करने के लिए नहीं। वे अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दुरुपयोग राजनीति के लिए कर रहे हैं। क्या मुझे भगवान राम को भाजपा के हवाले कर देना चाहिए? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आय दोगुनी करने में विफलता और 80 प्रतिशत आबादी की आय में गिरावट जैसे मुद्दों पर ठोस बातचीत करने में विफल रही है।

### गठबंधन की राजनीति की मजबूरियां भी

पीएम मोदी की 'सेवानिवृत्ति की आयु' संबंधी केजरीवाल की टिप्पणी से जुड़े एक सवाल के जवाब में थरूर ने कहा कि क्या भाजपा एक व्यक्ति को छूट देगी? खैर, हमें सितंबर 2025 तक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। मोदी जून 2024 के बाद प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। जब थरूर से पूछा गया कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र से लोकसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम को उम्मीदवार क्यों नहीं बनाया तो उन्होंने गठबंधन की राजनीति की मजबूरियों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि गठबंधन की राजनीति में पार्टी को अपेक्षाकृत कम सीट पर चुनाव लड़ना पड़ता है। कांग्रेस महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के साथ महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन का हिस्सा है। थरूर ने दावा किया कि भाजपा ने सरकार में मुसलमानों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया। उन्होंने कहा कि सभी मुस्लिम नेता जो वाजपेयी के कार्यकाल में सत्ता का हिस्सा थे, उन्हें मोदी के पहले कार्यकाल के बाद चरणबद्ध तरीके से हटा दिया गया। थरूर ने दावा किया कि मोदी लोकतंत्र की संसदीय प्रणाली को राष्ट्रपति शासन की शैली में चलाना चाहते हैं।

## वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न



**बेधड़क. जयपुर।** किशनपोल बाजार के टिक्कीवालों का रास्ता स्थित विक्रम संवत 1864 में निर्मित 217 वर्ष प्राचीन श्रीदिगम्बर जैन मंदिर श्री बुधचंदजी बज में नवीन वेदियों में जयकारों के बीच जिनबिम्बों को विराजमान करने के साथ वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष मोहनलाल बज व मंत्री सुभाष बज ने बताया कि आचार्य निमंत्रण के बाद सुबह 7 बजे बैण्ड-बाजों के साथ घट यात्रा निकाली गई। इसके बाद प्रतिष्ठाचार्य सनत कुमार जैन के निर्देशन में तारा चंद-हेमलता बज द्वारा ध्वजारोहण किया। फिर मंदिर परिसर में किए गए जीर्णोद्धार कार्य, डोम निर्माण व नवनिर्मित 5 वेदियों के शुद्धि संस्कार किए गए।



### मिस राजस्थान के ताज के लिए दौड़ शुरू, 5000 गर्ल्स में से 28 बनी टॉप फाइनलिस्ट

# नाम अनाउंस हुआ तो गर्ल्स हुई भावुक

**बेधड़क.जयपुर।** जैसे ही टॉप 28 में नाम अनाउंस हुआ तो किसी की आंखें भर आई तो कोई खुशी से झूम उठीं। सामने बैठे उनके परिजन भी भावुक नजर आए। नजारा था फ्यूजन ग्रुप की ओर से व रूवी डिजिटल के सहयोग से आयोजित मिस राजस्थान की टॉप 28 फाइनलिस्ट की होटल रीगल में घोषणा का। इसी के साथ मिस राजस्थान के ताज की दौड़ शुरू हो गई। 5000 गर्ल्स में से 28 गर्ल्स ने जगह बनाई। मिस राजस्थान का ऑफिशल अनाउंसमेंट व सेश सेरेमनी की गई, जिसमें राजस्थान से 10 सिटीज, अलवर, जयपुर , अजमेर, कोटा, सीकर, सिरसी, उदयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा और जोधपुर की गर्ल्स ने टॉप 28 में जगह बनाई।



फोटो: पंकज शर्मा

### मिल सकता है नेशनल-इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म

आयोजक योगेश और निमिशा मिश्रा ने बताया कि अब ग्रूमिंग सेशन आयोजित किया जाएगा। ऐसे में पेजेंट वर्ल्ड में आगे बढ़ने में मदद करेगा। इससे पहले भी मिस राजस्थान के विनर्स ने नेशनल व इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट्स में जगह बनाई। इसमें सिमरन शर्मा मिस ग्रैंड इंडिया, प्रियन सैन मिस अर्थ इंडिया, मिताली कौर बनी मिस इंटरकॉन्टिनेंटल इंडिया 2021, भावना वैष्णव मिस इंटरकॉन्टिनेंटल इंडिया-2023 बनीं। इन्होंने ग्लोबल लेवल पर राजस्थान की साख को बढ़ाया है।

### 25 को होगा ग्रांड फिनाले

मिस राजस्थान के आयोजक योगेश और निमिशा मिश्रा ने बताया कि 25 मई को ग्रांड फिनाले जयपुर में आयोजित किया जाएगा। सेश सेरेमनी में राज बंसल, रूवी डिजिटल के आलोक शर्मा, आर्या इंजीनियरिंग कॉलेज डॉक्टर अरविंद अग्रवाल, शिव जूलर्स के एम डी हुकम सिंह कुंपावत, सफारी ग्रुप के पवन गोयल, जे डी माहेश्वरी, नेचर कल्प के डायरेक्टर दुर्गेश शर्मा मौजूद रहे।

### 12 से 25 तक होगा ग्रूमिंग सेशन

सेश सेरेमनी के दौरान पं. सुरेश मिश्रा, होटल हिल्टन जी एम राहुल भगत, वीवो मैनेजर रिटेल प्रमोशन मुदित शर्मा, सरोवर पोर्टिको एम आई रोड़ जी एम यतेंद्र नेगी, जयपुर मेराथन सीईओ मुकेश मिश्रा सहित कई लोगों ने गर्ल्स को बधाई देते हुए मोटिवेट किया। उन्होंने बताया कि अब मिस राजस्थान की टॉप फाइनलिस्ट का ग्रूमिंग सेशन 12 से 25 मई तक होगा, जिसमें अलग-अलग फैशन जगत की हस्तियां ग्रूम करेंगी।

### ये रहीं इस बार की फाइनलिस्ट

ज्योति शेखावत, सौम्या जोशी, अर्निका जैन, तन्नु पायल, दीपल चौधरी, हिमानी निहलानी, डिंपल हरचंदानी, ऋतिका सिंह, जिया नायक, सिमरन सोनी, हीना ठाकुर, विजयलक्ष्मी शेखावत, इशानी बनर्जी, खुशी बेलावाला, औरा विरमानी, आयुषी मीना, श्रेया बत्रा, किरण कंवर, खुशबू सिंह, सानिया अब्बासी, प्रेक्षा कोठारी, वृष्टि ज्ञानानी, जानवी शिवरानी, तुलसी शर्मा, रबीना कुमारी, निविया मोदी, हर्षिका बत्रा ईशा कुमावत।

## महिलाओं ने गार्डन में लगाए परिंडे



**बेधड़क. जयपुर।** परफेक्शन विच पैशन ग्रुप की एडमिन अमृता आहूजा व मिहीका ने मदर्स डे सेलिब्रेट करने के लिए राजा पार्क स्थित भगत सिंह पार्क में पेंट एंड पिकनिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान सभी मेंबर्स ने सबसे पहले मदर अर्थ की ग्रिटीट्यूड प्रेयर की। फिर सबने आकर्षित तरीके से परिंडा पेंट किया। मदर्स डे केक कट किया गया और लकी ड्रॉ निकाला गया। सबने मिलकर पक्षियों के लिए गार्डन में परिंडे लगाए।

## पहियों पर उड़ने लगे युवा



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर जिला एमेच्योर रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में 11वें जिला स्तरीय स्केटिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। स्केट इंडिया क्लब डायरेक्टर टूर्नामेंट आयोजक शहबाज ने बताया कि 500 से अधिक प्रतिभागियों नें हिस्सा लिया। प्रतियोगिता अंडर 4 से अंडर 18 व ऊपर के ग्रुप में महिला व पुरुष वर्ग के समूह में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केजीपी विद्यालय संरक्षक एनके मोदी ने की। इस मौके पर डॉ. दिवाकर सीठा, सन्नी कपूर (संरक्षक- मालवीय कॉन्वेंट स्कूल), किशन सिंह भंडारी (जयपुर विकास प्राधिकरण), राजेंद्र मांड्या (ज्योतिषाचार्य) व बलबीर सिंह (ओलंपिक कोच) सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### राजस्थान ने महाराष्ट्र को किया पराजित



**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतीय फुटबॉल संघ की ओर से स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरुष यू-20 फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित किया जा रहा है। अपने पहले मुकाबले में राजस्थान ने महाराष्ट्र को एक कड़े मुकाबले में 2-1 से परास्त किया। राजस्थान का अगला मुकाबला मेघालय से 14 मई व तीसरा मुकाबला मिजोरम से 16 मई को खेला जाएगा। राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जैसोल, सचिव दिलीप सिंह शेखावत और नीम्स यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ. बी.एस. तोमर तथा एडवाइजर अमेरिका सिंह ने टीम के खिलाड़ियों को मैच जीतने की बधाई दी।

### UBAA के प्रदेश महामंत्री बने संजीव जैन



**बेधड़क. जयपुर।** यूको बैंक एम्पलाइज एसोसिऐशन के प्रांतीय अधिवेशन में सर्व सम्मति से संजीव जैन को प्रदेश महामंत्री चुना गया। इसके साथ ही कामरेड जीके शुक्ला को अध्यक्ष, रमेश वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यूको बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन का 13वां द्विवार्षिक प्रदेश अधिवेशन जयपुर में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। अधिवेशन में सीटू के उपाध्यक्ष रवींद्र शुक्ला, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुदेसिया, राष्ट्रीय महासचिव कामरेड प्रकाश चंद्र राय ने संबोधित किया। सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर प्रस्ताव पारित किए गए।

### इंटर्नशिप प्रोग्राम में जुटे युवा



**बेधड़क. जयपुर।** आकेड़ा डूंगर स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में शिल्पांजलि आर्ट फांउडेशन के धातु की मूर्तियों पर 7 दिवसीय मेटल स्कल्पचर इंटर्नशिप प्रोग्राम हुआ। उद्घाटन आर्टिस्ट हिम्मत शाह व राजकुमार पंडित ने किया। कार्यक्रम संयोजक शिल्पा पंडित ने बताया कि 12 से 18 मई तक आयोजित प्रोग्राम में पहली बार देश के आर्ट कॉलेज के पीजी स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे हैं। इनके द्वारा तैयार किए गए डेमो को मेटल (धातु) में बनाकर रखा जाएगा। वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी संस्थापक राजकुमार पंडित ने बताया कि देश में संचालित आर्ट कॉलेज के करीब 150 यूजी-पीजी व पीएचडी स्कॉलर में से पांच का चयन किया गया है। चयनित सर्वश्रेष्ठ आर्टिस्ट को नकद राशि से प्रोत्साहित किया जाएगा।

### दीक्षा महोत्सव में मनाई खुशियां

## 60,000 बहनें जप, तप और आध्यात्मिक भेंट के साथ जुड़ीं



**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में श्रीजैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल की ओर से थली व जयपुर स्तरीय 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' कार्यक्रम का आयोजन मुनि तत्वरुचिजी 'तरुण', मुनि संभव कुमार के सान्निध्य में किया गया। वैशाली नगर स्थित टैगोर पीजी गर्ल्स स्कूल के भारतम् ऑडिटोरियम में राष्टीय अध्यक्ष सरिता डागा की अध्यक्षता में हुए प्रोग्राम में संगठन की 500 शाखाओं की 60,000 बहनें जप, तप व आध्यात्मिक भेंट के साथ जुड़ीं। तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा नीरू मेहता व प्रज्ञा सुराणा और मंत्री नीलिमा वेद व ऋतु गधैया ने बताया कि आचार्य महाश्रमणजी के संयम पर्याय के 50 वर्षों के उपलक्ष में 'दीक्षा कल्याण महोत्सव' पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'आराधना आराध्य की' अभिवंदना के क्रम में महिला मंडल, जयपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान ट्रस्टी पुष्पा बैंगानी, महामंत्री नीतू ओस्तवाल, राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया, संस्था पदाधिकारी, प्रो. संजीव कुमार शर्मा और मुंबई से गायिका मीनाक्षी भूतोड़िया उपस्थिति रहीं।

### उत्तराखंड सभा ने ली बेजुबानों की सुध

## पक्षियों के लिए बांधे परिंडे और पशुओं को भी दिया चारा-पानी




**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान उत्तराखंड सभा राजस्थान प्रदेश जिला जयपुर की ओर से रविवार को मानसरोवर के अरविंद पार्क में परिंदों के लिए परिंडे लगाए गए। सभा अध्यक्ष बीएस रावत ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभा के साथ जुड़े प्रदेश के अनेक जिलों के सहयोग से परिंडे लगाकर बेजुबानों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था की गई। गर्मी के मौसम में अधिकतर जगहों पर सूखा पड़ जाता है जिसके चलते पशु और पक्षियों को चारा दाना और पानी के लिए मोहताज होना पड़ता है। महासचिव प्रहलाद सिंह अधिकारी ने बताया कि आगामी दिनों में भी अनेक क्षेत्रों में सैकड़ों परिंडे लगाए जाएंगे। सभा प्रदेश प्रवक्ता आनन्द पांडे ने बताया कि सभा सदस्यों को इसकी जिम्मेदारी भी दी गई कि इनमें लगातार दाना-पानी डालना है। सभा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बीना पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोदावरी कांडपाल, रीता पांडे, निर्मला रावत, जयपुर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर सिंह अधिकारी, दुर्गा सिंह अधिकारी, स्पोर्ट्स महासचिव परमेश चौहान और त्रिलोक सिंह बोहरा और जयपुर जिला महासचिव कुलदीप सिंह नेगी इस दौरान मौजूद रहे।

प्रमोशन | डॉक्टर एंड सारीज सीजन-2 का हुआ अनूठा आयोजन

## साड़ी परम्परा को बचाने रैंप पर उतरीं 'धरती की भगवान'

**बेधड़क | जयपुर**

जब धरती की भगवान परंपरा को निभाते हुए साड़ी पहनकर रैंप पर आईं तो हॉल तालियों से गूंज गया और सभी ने एक से बढ़कर एक वॉकिंग स्टाइल में साड़ियों को प्रमोट किया। डॉक्टर्स का ये टैलेंट देखकर हर कोई हैरान रह गया। ये अनूठा नजारा जयपुर में जब देखने को मिला तब पाश्चात्य परिधानों के बीच भारतीय महिलाओं की पहचान साड़ी पहनकर डॉक्टर्स रैंप पर आईं। साड़ी की पहचान को बनाए रखने के लिए जयपुर की महिला डॉक्टर्स आगे आईं हैं।



### 200 लेडी डॉक्टर्स ने किया पार्टिसिपेट

डॉक्टर एंड सारीज सीजन-2 में कार्यक्रम संयोजक डॉ. पूजा रूंगटा ने बताया कि आयोजन में जयपुर की 200 लेडी डॉक्टर्स ने भाग लिया। डॉक्टर एंड सारीज एक इंटरनेशनल ख्याति प्राप्त सोशल मीडिया समूह है, जिसमें लगभग 42 हजार मेंबर्स हैं जो भारत व अन्य देशों में रहते हुए भारतीय परिधान साड़ी को प्रमोट करते हैं।

### अपनी-अपनी थीम से की साड़ियां शोकेस

डॉ. माधुरी, डॉ. उर्मिला और डॉ. रितु ने कहा कि कार्यक्रम थीम के अनुसार हुआ। शुभारंभ में अलग-अलग ग्रुप अपनी-अपनी थीम के हिसाब से साड़ियों को शोकेस करती नजर आईं। डॉ. मधु, डॉ. प्रिया व डॉ. सृष्टि ने बताया कि कार्यक्रम में गेम्स और मनोरंजन के कार्यक्रम खास थे। डॉ. रश्मि बिस्सा ने कहा कि मुख्य आकर्षण जंगल थीम, वेडिंग थीम, बॉलीवुड थीम के साथ रेट्रो स्टाइल और बीच थीम थी। डिजाइन डॉ. रितिका अग्रवाल कैरीकेचर आर्टिस्ट ने किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 13 मई, 2024

10



परमात्मा ने संसार नही बनाया, परमात्मा संसार बना है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

हमास के साथ चल रही जंग के बीच इजराइल का अहम समझौता

# इजराइल ने श्रमिक आपूर्ति में भारत से भी मांगी मदद

**एजेंसी** | तेल अवीव

हमास के साथ जारी जंग के बीच रविवार को इजराइल के कृषि मंत्री एवी डीचर ने बुखारेस्ट में रोमानियाई अधिकारियों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता आपातकालीन गेहूं आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए इजराइल की रणनीतिक पहल, 'ट्रीट द व्हीट' में चौथा समझौता है। बदले में, इजराइल रोमानिया को कृषि टेक्नोलॉजी प्रदान करेगा।

रोमानिया के साथ समझौता उज्बेकिस्तान, अजरबैजान और मोरक्को के साथ समान समझौते के बाद हुआ है। सभी का उद्देश्य इजराइल के गेहूं आयात स्रोतों में विविधता लाना है। बता दें कि इजराइल की 'ट्रीट द व्हीट' पहल यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण उत्पन्न वैश्विक गेहूं की कमी के बाद शुरू की गई थी। डीचर ने इस समझौते को लेकर कहा कि वैश्विक अनिश्चितता और हमारे क्षेत्र में गंभीर भू-राजनीतिक संघर्षों के इस दौर में, सामान्य हितों से पैदा हुआ यह समझौता, इजराइल को एक अतिरिक्त आयात चैनल की अनुमति देगा, खासकर आपातकाल के समय में।'



### अमेरिका और इजराइल की दोस्ती में दरार

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस हफ्ते दुनिया के सबसे अहम रणनीतिक रिश्ते को हिलाकर रख दिया। एक टीवी इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया था कि क्या होगा अगर इजराइल ने रफाह में हमले की योजना पर अमल किया। बाइडेन का जवाब था- मैं हथियार सप्लाई नहीं करूंगा। दरअसल, हथियार अमेरिका और इजराइल की जुगलबंदी का आधार रहे हैं मगर चार दशकों में ऐसा पहली बार हुआ है जब उनके रिश्ते में एक दरार नज़र आ रही है। बाइडेन पर अपने देश के अंदर से और बाहर से दुनिया का भी दबाव था कि वो गाजा में बिगड़ते जा रहे मानवीय संकट और लगातार जा रही आम लोगों की जान बचाने में मदद करें। आखिरकार उन्होंने संयम तोड़ते हुए पूरे मध्य पूर्व में अपने सबसे क़रीबी रणनीतिक सहयोगी इजराइल को भेजी जा रही हथियारों की खेप रोक दी। इससे पहले 1980 के दशक में तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के दौर में ऐसा हुआ था।



### जंग में कृषि को हो रहा नुकसान

बता दें कि इजराइली कृषि को उत्पादन और जनशक्ति में भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। 7 अक्टूबर से पहले, इजराइल में 29,900 विदेशी थे, जिनमें ज्यादातर थाई लोग थे, जो खेतों, बगीचों, ग्रीनहाउस और पैकिंग प्लांटों में काम करते थे। जंग के बाद इजराइली श्रमिकों को सैन्य रिजर्व ड्यूटी के लिए बुला लिया गया, जबकि फिलिस्तीनी श्रमिकों को सुरक्षा जोखिम के रूप में वर्तमान में प्रतिबंधित कर दिया गया है। इजराइली सरकार श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए भारत और अन्य देशों का रुख कर रही है। अपनी यात्रा के दौरान डिचर ने अपने रोमानियाई समकक्ष, फ्लोरिन-इओनट बार्बू, रोमानियाई यहूदी समुदाय के नेता सिल्विउ वेक्सलर और इजरायल-रोमानिया चैंबर ऑफ कॉमर्स के नेताओं से भी मुलाकात की।

अचानक भड़का ईरान... बोला

# नेतन्याहू धमकी मत दो... नहीं तो गिरा देंगे परमाणु बम

**एजेंसी** | तेहरान

रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास के बीच महायुद्ध में हम दुनिया को जलते हुए देख रहे हैं। लाखों लोगों के कत्लेआम और अमूल्य संपदा के खाक होने के बावजूद तीसरे महायुद्ध का खतरा बढ़ गया है। इस्लामिक देश ईरान ने धमकी दी है कि अगर उसे अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हमले से नहीं चूकेगा।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार ने कहा है कि इजराइल अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अगर उसे इजराइल से खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु युद्ध नीति को लेकर खाई अपनी कसम भूल जाएगा।

पिछले कुछ महीनों से इजराइली हुकूमत हमास आतंकियों को जड़ से खत्म करने के चक्कर में पूरी दुनिया से पंगा लेने पर लगी है। पहले उसने गाजा शहर में कत्लेआम मचाया और अब हमास को खत्म करने के लिए राफा में नरसंहार के लिए कदम बढ़ा दिए हैं। हमास को चोट पहुंचाने के लिए इजराइल उसके कथित दोस्तों को भी निशाना बना रही है।

ईरान के कमांडरों को हवाई हमले में मौत के घाट उतारकर इजराइल इस मुस्लिम देश से पंगा ले चुका है। जवाब में ईरान ने भी काउंटर अटैक कर दुश्मनी को और हवा दे दी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार ने कहा है कि इजराइल से तेज होती दुश्मनी ने उसे अपनी परमाणु नीति को बदलने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जोर देकर कहा है कि अगर इजरायल उसके लिए खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हमले से भी पीछे नहीं हटेगा।



### यह धमकी मामूली नहीं दुनिया चिंतित

ईरान का इजराइल को परमाणु हमले की धमकी देना मामूली बात नहीं है, खासकर तब जब दुनिया पहले ही दो महायुद्ध को अपनी आंखों के सामने देख रही है। फरवरी 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच कत्लेआम जारी है। उधर, इजराइल हमास के नामो-निशान को मिटा देने की कसम खा चुका है। पहले गाजा को श्मशान बनाया और अब राफाह शहर में नरसंहार का खतरा मंडरा रहा है। इजराइली सेना राफा पर कभी भी हमला कर सकती है। अनुमान है कि राफा में कम से कम 16 लाख फिलिस्तीनी रह रहे हैं, इनमें लाखों गाजा से भागे वे लोग हैं, जिन्होंने इजराइली रक्षा बलों के हमलों में अपना सबकुछ गंवा दिया है।

### तीसरे महायुद्ध की आशंका बढ़ी

खामेनेई के सलाहकार कमल खर्राज़ी ने बड़ा बयान देकर तीसरे महायुद्ध की संभावना को बढ़ा दिया है। खर्राजी ने ईरान के परमाणु सिद्धांत में बदलाव का संकेत दिया है। कहा कि ईरान ऐसा नहीं करना चाहता लेकिन, अगर उसे अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हमले से भी नहीं चूकेगा। खर्राजी ने कहा, "परमाणु बम बनाने का हमारा कोई निर्णय नहीं है, लेकिन अगर ईरान को इजरायल से खतरा महसूस होता है तो हमारे पास इसके अलावा और कोई विकल्प नहीं होगा।"

कमजोर हुई पाकिस्तान की पकड़...

# POK में भारत के साथ विलय की मांग तेज

**एजेंसी** | मुजफ्फराबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में लोगों का अपने-अपने अधिकारों को लेकर आंदोलन बढ़ गया है। वहां के नागरिकों ने पाकिस्तान पुलिस और पाकिस्तान प्रशासन के हाथों क्रूरता के खिलाफ विद्रोह कर दिया है। ऐसे मौके पर भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और सत्तारूढ़ भाजपा पीओके पर कब्जे का वादा देश की जनता से कर रही है।

एक मीडिया रिपोर्ट में घटनाक्रम से परिचित अधिकारियों के हवाले से कहा है कि हालिया विरोध प्रदर्शन और उन प्रदर्शनों के हिंसक दमन से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान उस क्षेत्र पर अपनी पकड़ खोता जा रहा है। मुजफ्फराबाद और रावलकोट में स्थानीय लोगों की अधिकारियों के साथ हुई झड़प इसकी गवाही दे रही है। प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़ने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के नाराज निवासियों ने पुलिस अधिकारियों का विरोध प्रदर्शन किया है।

### रावलकोट में दिखे पोस्टर

अधिकारियों ने यह भी बताया कि रावलकोट में भारत में विलय की मांग वाले पोस्टर सामने आए हैं। आपको बता दें कि पाकिस्तान ने दशकों से अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।




2 महीने पहले ही हुई थी सर्जरी

# सूअर की किडनी लगवाने वाले की मौत

**पता नहीं चल पाया मौत का कारण नहीं**

**एजेंसी** | मैसाचुसेट्स

दुनिया में सबसे पहले सूअर की किडनी ट्रांसप्लांट करवाकर चर्चा में आए 62 साल के रिचर्ड स्लेमैन की मौत हो गई है। उनके परिवार ने शनिवार को बताया कि उनकी मौत का कारण नहीं पता चला है। वहीं मैसाचुसेट्स के जिस अस्पताल में उनकी किडनी ट्रांसप्लांट की गई थी उसका कहना है कि ट्रांसप्लांट संबंधित किसी कारण से उनकी जान नहीं गई है।

बता दें कि मैसाचुसेट्स के जनरल हॉस्पिटल में उनकी चार घंटे की सर्जरी की गई थी और फिर सफलतापूर्वक सूअर की जेनेटिकली मोडिफाइड किडनी प्रत्यारोपित कर दी गई थी।



### ट्रांसप्लांट असफल होने के लक्षण नहीं थे

अस्पताल ने कहा, रिक स्लेमैन की मौत से अस्पताल की पूरी टीम दुखी है। हालांकि उनमें कोई ऐसे लक्षण नहीं दिखाई दिए, जिससे कहा जा सके कि उनका ट्रांसप्लांट सफल नहीं हुआ या उससे संबंधित कोई दिक्कत बाद में आ गई। बता दें कि स्लेमैन पहले से ही टाइप टू डाइबिटीज और हाइपरटेंशन से जूझ रहे थे। कई सालों तक उन्होंने डाइलिसिस करवाया। दिसंबर 2018 में उन्होंने पहली बार मानव किडनी ट्रांसप्लांट करवाई थी। यह सर्जरी भी इसी अस्पताल में हुई थी।

### 5 साल में किडनी खराब

दुर्भाग्य रहा कि पहले ट्रांसप्लांट के पांच साल में ही वह किडनी जबाव देने लगी। 2023 में उनका फिर से डायलिसिस होने लगा। इससे उनके जीवन पर काफी बुरा असर पड़ रहा था। अस्पताल के बयान में कहा गया, स्लेमैन को हमेशा याद रखा जाएगा क्योंकि उन्होंने मेडिकल साइंस के विकास में भी योगदान दिया है। वह बेहद सरल और दयालु इंसान थे। बता दें कि स्लेमैन के शरीर में प्रत्यारोपित किडनी को कैंब्रिज फार्मा कंपनी से इ जेनेसिस की प्रक्रिया से तैयार किया गया था।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl